## बड़कुही में जारी कैरी ऑन कप



**बड़कुही / परासिया :-** कैरी ऑन कप वर्ष 2026 में 28 जनवरी बुधवार को दो मैच खेले गए । पहला मुकाबला एम आर सी मुजावर और सतपुड़ा सिंघम छिंदवाड़ा के मध्य खेला गया । जिसमें टॉस जीत के पहले बल्लेबाजी करते हुए एम आर सी मुजावर ने 20 ओवरों में अपने 8 विकेट खोकर 186 रन का बड़ा स्कोर खड़ा किया । जिसमें सर्वाधिक नितेश चंदेल ने 30 गेंदों में 64 रन बनाए । कप्तान डॉक्टर दुर्गेश भारत ने 42 रन बनाएं । हरीश दुबे ने चार ओवर में 26 रन देकर 2 विकेट प्राप्त किया । रवि कवरेती ने चार ओवर में 32 रन देकर दो विकेट लिए । बाद में बल्लेबाजी करने उतरी सतपुड़ा सिंघम की टीम 19.4 ओवर में 159 रन बनाकर आल आउट हुई । जिसमें सर्वाधिक रन सिद्धार्थ भारती ने छह चौकों की मदद से 70 रन बनाएं । एम आर सी मुजावर की ओर से डॉक्टर दुर्गेश भारत ने 4 ओवर में 23 रन लेकर 4 विकेट लिए । उनके इस ऑल राउंड प्रदर्शन पर उन्हें मैन ऑफ द मैच दिया गया । दूसरा मुकाबला यूनिक क्रिकेट क्लब परासिया और समर्थ क्रिकेट क्लब छिंदवाड़ा के मध्य खेला गया । जिसमें टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए समर्थ क्लब ने 20 ओवर में छह विकेट के नुकसान पर 172 रन बनाएं । जिसमें सर्वाधिक रन अभिषेक ठाकुर ने 26 गेंद में 49 रन बनाए । चिरंजीव तिवारी ने चार ओवर में 24 रन देकर एक विकेट लिया । बाद में बल्लेबाजी करने उतरी यूनिक क्लब की टीम ने इस मैच को 6 विकेट से जीता । मात्र 15.5 ओवर में अपने चार विकेट खोकर 177 रन बनाकर इस मैच पर जीत हासिल की । जिसमें शुभम गुप्ता ने सर्वाधिक 63 रन , हरप्रीत सिंह ने 60 रन बनाए । समर्थ की ओर से मोनू ठाकुर ने 2.5 ओवर में 30 रन लेकर तीन विकेट लिए । शुभम गुप्ता इस मैच के मैन ऑफ द मैच रहे । मैच के अंपायर बिलाल अली एवं मैक्लीन बड़कुर रहे । जामई से जेएस ब्लॉसम के डायरेक्टर्स साहिल खान युसूफ तबरेज एवं तौसीफ खान एवं अखिलेश जायसवाल अक्कू नवाब आदि उपस्थित रहे । आज दो मैच खेले जाएंगे । पहला मुकाबला न्यू 11 छिंदवाड़ा विरुद्ध टाइम्स स्पोर्ट्स अकैडमी और दूसरा मुकाबला यूनीक अकैडमी जूनियर और जी वी आई टी छिंदवाड़ा के मध्य खेला जाएगा ।

## होर्डिंग्स हटाने को लेकर अध्यक्ष और पार्षद में नोक झोंक

**न्यूटन / परासिया :-** नगर पंचायत न्यूटन चिखली में गणतंत्र दिवस के अवसर पर आयोजित में क्षेत्र के सभी स्कूल प्राचार्यों और प्रधान अध्यापकों को मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया । कार्यक्रम के समापन पर बच्चों को बूंदी के लड्डू और भोजन के पैकेट दिए गए ।गौरतलब है , कि नगर पंचायत न्यूटन चिखली में 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन रखा गया । जिसमें पंचायत क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सभी स्कूलों के बच्चों ने हिस्सा लिया । बच्चों के आकर्षक नाच और गीतों ने दर्शकों को रिझाया । कार्यक्रम के दौरान परिषद अध्यक्षा अनुपमा हेमंत राय ने अपना सम्बोधन दिया , जिसमें उन्होंने कार्यक्रम को सफल और ऐतिहासिक बताया । उन्होंने बड़ी संख्या में शामिल होकर कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया । उन्होंने कहा , कि गणतंत्र दिवस केवल उत्सव नहीं , बल्कि संविधान के मूल्यों , लोकतंत्र की मजबूती और नागरिक कर्तव्यों का प्रतीक है । कार्यक्रम में नगर परिषद के उपाध्यक्ष संतलाल यादव , विधायक प्रतिनिधि ब्रजानाल वर्मा , समस्त सभापति अर्चना राजेश डेहरिया , नीरु अजय चंदेल , रेखा डेहरिया , शेख वशीम , शेख तौसिफ, पार्षदगण ज्योति यदुवंशी , सीमा रूपेश हरपाची , निकिता बरखे , कविता यदुवंशी , राहुल गविन्द्र गडवाल ,राहुल सराठी , जयंत राय एवं निधि यादव सहित निकाय एवं विभिन्न विभाग के अधिकारी कर्मचारी , सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे ।

## घोडावाड़ी में हुआ हिंदू सम्मेलन का आयोजन



**जुन्नारदेव।** बुधवार करमोहनीबंधी घोडावाड़ी में हिंदू सम्मेलन आयोजन समिति घोडावाड़ी द्वारा उदयम पब्लिक स्कूल शिवाजी चौक घोडावाड़ी में विशाल हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया।। सम्मेलन का उद्देश्य हिंदू समाज को जागृत करना ,आपसी भेदभाव और जात पात छुआ छूत को मिटाना था।इस हिंदू सम्मेलन में बड़ी संख्या में नगर एवं ग्रामीण अंचल से आये श्रद्धालु, युवा एवं मातृ शक्ति समाज सेवी बड़ी संख्या में उपस्थित थे। सम्मेलन में , धर्माचार्य, सामाजिक कार्यकर्ता, एवं विभिन्न हिंदू संगठनों से जुड़े पदाधिकारियों कि गरिमामई उपस्थिति थी। हिंदू सम्मेलन में पधारे वक्ताओं ने अपने उद्बोधन में सनातन संस्कृति के महत्व, हिंदू समाज कि एकता, सामाजिक समरसता राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डाला। वक्ताओं ने बताया कि सनातन संस्कृति भारत की आत्मा है जिसकी रक्षा करना प्रत्येक हिंदू का कर्तव्य है। कार्यक्रम के अंतर्गत कलश यात्रा, झांकियां एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ ओजस्वी वक्ताओं उद्बोधन दिया।कार्यक्रम का समापन अवसर पर समरसता भोज का आयोजन किया गया ।इस सफल आयोजन के लिए सभी सहयोगियों का आयोजन समिति द्वारा आभार व्यक्त किया गया।

## सांसद आज करेंगे भूमि पूजन

**जुन्नारदेव।** जिले के सांसद विवेक बंटी साहू आज जुन्नारदेव नगर पालिका क्षेत्र में विभिन्न निर्माण कार्यों का भूमि पूजन करेंगे। इस भूमि पूजन कार्यक्रम में वार्ड नंबर 10 पंचशील कॉलोनी सब्जी मंडी में शॉपिंग कॉम्प्लेक्स वार्ड नंबर 11 में रिटर्निंग वॉल वार्ड नंबर 4 में मंगल भवन आदि निर्माण कार्यों का भूमि पूजन किया जाएगा। उपरोक्त जानकारी मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीमती नेहा धुर्वे ने दिया।

## संत रविदास जयंती पर भव्य प्रतिमा स्थापना कार्यक्रम आयोजित

**जुन्नारदेव।** संत शिरोमणि रविदास सेवा समिति, जुन्नारदेव द्वारा संत शिरोमणि संत रविदास जयंती के पावन अवसर पर भव्य प्रतिमा स्थापना एवं धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम 02 फरवरी 2026 को वार्ड क्रमांक 01 स्थित रविदास मंदिर में संपन्न होगा। कार्यक्रम के अंतर्गत दोपहर 12:00 बजे समाजबंधुओं द्वारा रैली के माध्यम से संत रविदास की प्रतिमा का नगर के प्रमुख मार्गों से भव्य नगर भ्रमण किया जाएगा। इसके पश्चात सागर से पधारे संत प्रकाश जी महाराज के कर-कमलों द्वारा गुरु पूजन एवं प्रतिमा की विधिवत स्थापना की जाएगी।इस अवसर पर संत प्रकाश जी महाराज के मुखारविंद से गुरु-वचनों का श्रवण लाभ उपस्थित श्रद्धालुजन प्राप्त करेंगे। कार्यक्रम को लेकर समाज में विशेष उत्साह देखा जा रहा है। संत शिरोमणि रविदास सेवा समिति ने सनातन परंपरा से जुड़े समस्त धर्मावलंबियों एवं नगरवासियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने का आग्रह किया है।

## काली मंदिर में हल्दी कुमकुम कार्यक्रम संपन्न



**जुन्नारदेव।** वैश्य महिला इकाई जुन्नारदेव द्वारा नगर के वार्ड क्रमांक 08 स्थित मां काली मंदिर में हल्दी कुमकुम कार्यक्रम संपन्न किया गया। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं द्वारा विधि विधान से माता काली का पूजन अर्चन किया गया इसके बाद एक दूसरे को हल्दी कुमकुम लगाकर सुहाग की निशानी भेंट दी गई, साथ ही माता महारानी से उनके सुहाग को दीर्घायु प्रदान करने की कामना की गई। कार्यक्रम के दौरान वैश्य महिला मंडल की विद्या अग्रवाल, ममता मालवी, शिखा जैन, रश्मि बेलसरे, निशा सोनी, रश्मि राय, सीमा चौरसिया, निधि जैन, ममता गुप्ता, संगीता सोनी, सुचिता सोनी, ज्योति सोनी, नंदा सोनी सहित बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित थीं।

### लाखों का दांव लग रहा, पुलिस को खबर नहीं

# चौरई क्षेत्र में खुलेआम जुए के अड्डे सक्रिय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चौरई

चौरई क्षेत्र में खुलेआम जुए के अड्डे संचालित हो रहे हैं। ग्रामीणों ने नाम ना बताने की शर्त पर बताया इन अड्डों पर प्रतिदिन लाखों रुपए का दांव लगाया जाता है, जिससे कई परिवार प्रभावित हो रहे हैं। ये जुए के फड़ सांख के जंगल एवं बांका नागनपुर पुलिस थाना के अधिकार क्षेत्र में कई प्रमुख स्थानों पर सक्रिय हैं। इन जुए के अड्डों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं।



खेल स्थल तक जाने वाले मार्ग पर एक व्यक्ति को तैनात किया जाता है, जो आने-जाने वालों पर नजर रखता है। संदिग्ध गतिविधि की सूचना वह तुरंत खेल स्थल पर मौजूद प्रबंधक को देता है। सूत्रों के मुताबिक, इस काम के लिए उसे प्रतिदिन 200 से 300 रुपए का भुगतान किया जाता है।स्थानीय लोगों का आरोप है कि जुआरी खुलेआम सक्रिय हैं, लेकिन पुलिस को इसकी जानकारी नहीं है, या यह सब उनकी मिलीभगत से हो रहा है। यह मामला जांच का विषय बना हुआ है।

महीने पहले पुलिस टीम ने एक बार छापा मारा था, लेकिन कोई सफलता नहीं मिली, जिसके बाद जुआरियों की गतिविधियां और बढ़ गई हैं।इन जुए के अड्डों पर जुआरियों को मौके पर ही धन उपलब्ध कराने वाले लोग भी सक्रिय रहते हैं। ये लोग 10 से 20 प्रतिशत के मुनाफे पर जुआरियों को अगले दांव के लिए पैसे देते हैं। इन फड़ों का संचालन एक या दो प्रमुख व्यक्तियों के संरक्षण में होता है, जो प्रबंधक के रूप में सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करते हैं ताकि जुआ निर्बाध रूप से चलता रहे।

इस संबंध में पुलिस थाना प्रभारी से बात की। उन्होंने बताया कि उन्हें ऐसी कोई जानकारी नहीं है। उन्होंने आश्वासन दिया कि मामले की जांच कराई जाएगी और यदि ऐसे अपराध सामने आते हैं तो इसमें संलिप्त लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी प्रकार का अपराध किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### शहर के कई क्षेत्रों में चल रहा जुआ, सट्टा के कारोबार

शहर के कई इलाकों में जुए और सट्टे का कारोबार खुलेआम चल रहा है। रोजाना ही हजारों लाखों में जुआरी हार जीत पर दांव आजमा रहे है। पुलिस को भी इस संबंध में जानकारी होने के बावजूद भी बहुत से ऐसे स्थानों पर पुलिस कार्यवाही नहीं करती है और ऐसे में जुआरी और सटोरिए बेखौफ तरीके से अपने कारोबार को अंजाम दे रहे है। ऐसे में क्षेत्र में जुए, सट्टे का कारोबार फल एवं फूल रहा है। इस वजह से लोगों के घर टूट जाते है। लेकिन पुलिस अभी भी मौन बैठी है। पुलिस को जल्द से जल्द इन जुआरियों और सटोरियों पर नकेल कंसनी चाहिए।

## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का अभिभाषण विकसित भारत का रोडमेप: सांसद

**बजट सत्र 2026-27 के दौरान राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने संसद में दिया अभिभाषण**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाडा

बजट सत्र 2026-27 के दौरान राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू बुधवार को संसद में अपना अभिभाषण दिया। सांसद बंटी विवेक साहू ने बताया कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का अभिभाषण विकसित भारत के रोडमेप को दिखाता है। उन्होंने अपने अभिभाषण में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा किए जा रहे विकास कार्यों का विस्तृत विवरण दिया है।

सांसद श्री साहू ने बताया कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने अपने अभिभाषण में कहा कि विकसित भारत के लिए 2026 एक आधारभूत वर्ष रहा है। भारत की गौरवशाली संवैधानिक विरासत अद्वितीय रही है। अमृत काल का यह स्वर्णिम युग अपने साथ अनेक प्रेरणाएँ लेकर आया है। वर्ष 2026 के साथ हमारा देश इस सदी के दूसरे चरण में प्रवेश कर चुका है। पिछले 11 वर्षों की यात्रा सफलताओं, ऐतिहासिक उपलब्धियों और असाधारण अनुभवों से परिपूर्ण रही है। आज देश वंदे मातरम् के 150 वर्ष मना रहा है और श्री गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहादत दिवस को श्रद्धापूर्वक स्मरण कर रहा है। साथ ही भगवान बिरसा मुंडा और सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती से भी राष्ट्र प्रेरणा ले रहा है। ये सभी पड़ाव हमें हमारी समृद्ध विरासत और पूर्वजों के बलिदानों की याद दिलाते हैं। यही प्रेरणाएँ हमें 2047 तक विकसित भारत के संकल्प की ओर और अधिक गति प्रदान करती हैं। सांसद श्री साहू ने बताया कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने अपने अभिभाषण में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार गरीबो के उत्थान में काम कर रही है। विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के परिणामस्वरूप 25 करोड़ नागरिक गरीबी से मुक्त हो चुके है। पिछले एक दशक में सरकार द्वारा गरीबों के लिए 4 करोड़ पक्के मकानों का निर्माण कराया गया है।

## पूर्व बीईओ प्रकाश कालम्बे पर गंभीर आरोप, शिक्षकों ने दर्ज कराई शिकायत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाडा

हर्रई विकासखंड में लगभग 15 वर्षों तक पदस्थ रहे पूर्व बीईओ प्रकाश कालम्बे पर भ्रष्टाचार और पद के दुरुपयोग के गंभीर आरोप सामने आए हैं। ब्लॉक के सभी शिक्षकों ने एकजुट होकर उनके विरुद्ध मोर्चा खोलते हुए 24 दिसंबर 2025 की शाम तहसीलदार के माध्यम से माननीय मुख्यमंत्री, कलेक्टर एवं क्षेत्रीय विधायक को ज्ञापन सौंपा था। कलेक्टर छिंदवाड़ा द्वारा कराई गई जांच के बाद पूर्व बीईओ प्रकाश कालम्बे को बीईओ पद से हटा दिया गया, लेकिन इसके बावजूद वे अब भी हर्रई क्षेत्र के संदीपनी विद्यालय, कुछ संकुलों एवं छात्रावासों में पदासीन बने हुए हैं। क्षेत्र में उनका दवदबा अब भी बना हुआ है, जिससे शिक्षकों में भय का माहौल व्याप्त है। शिक्षकों का आरोप है कि प्रकाश कालम्बे द्वारा कुछ चिन्हित प्राचार्यों, अधीक्षकों एवं शिक्षकों के विरुद्ध झूठी शिकायतें, फर्जी खबरें, सीएम हेल्पलाइन आवेदन और अन्य माध्यमों से लगातार दबाव बनाया जा रहा है। परीक्षा का समय नजदीक होने के कारण शिक्षक अत्यधिक मानसिक तनाव में हैं, जिसका सीधा असर विद्यार्थियों की पढ़ाई और परीक्षाओं पर पड़ सकता है। इन्हीं झूठी शिकायतों और बदनाम करने की साजिश के खिलाफ आज धनौरा में शाम 5 बजे संबंधित शिक्षकों ने थाने में शिकायत दर्ज कराई और पूरे मामले की निष्पक्ष एवं उच्चस्तरीय जांच की मांग की है। शिक्षकों ने स्पष्ट कहा कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो शिक्षा व्यवस्था प्रभावित होगी और इसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

## शंकराचार्य से दुर्व्यवहार के विरोध में युवक कांग्रेस ने दिया धरना

**तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन, कार्यवाही की उठाई मांग**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चौरई

विगत दिनों प्रयागराज में जगद्गुरू शंकराचार्च श्री अविमुक्तेश्वरानंद जी महाराज के साथ हुए दुर्व्यवहार के विरोध में बुधवार को चौरई मे आनंद पटेल के नेतृत्व में धरना प्रदर्शन कर राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा गया जिसमें जगतगुरु स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद जी एवं उनके शिष्यो के साथ हुए दुर्व्यवाहर की निंदा की गई साथ ही दोषियों पर कड़ी कार्यवाही की मांग की गई व तहसीलदार चौरई को राज्यपाल के ज्ञापन सौपा गया।



इस धरना कार्यक्रम में प्रमुख रूप से उपस्थित चौरई विधायक चौधरी सुजीत सिंह अपने संबोधन में शंकराचार्य जगद्गुरु श्री अविमुक्तेश्वरानंद जी की पालकी को स्नान में जाने से रोककर अपमानित करने एवं उनके शिष्यों के साथ हुए दुर्व्यवहार की घटना की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए भाजपा सरकार एवं भाजपा से जुड़े नेताओं की चुप्पी को आधे हाथों लेते हुए कहा की छोटी छोटी बातो के लेकर सड़क पर उतरने वाले भाजपा व उसके नेता आज सनातन व हिंदू धर्म के सबसे बड़े धर्मगुरु शंकराचार्य जगद्गुरु श्री अविमुक्तेश्वरानंद जी के अपमान पर क्यो खामोश है।

भाजपा की धर्म एवं सनातन की रक्षा करने की बातें केवल चुनाव तक ही सीमित रहती है सत्ता के आते ही इन बातों से भाजपा को कोई मतलब नहीं होता। भाजपा के इस दोहरे चरित्र को सभी को समझने की आवश्यकता है।

इस मौके पर अन्य वक्ताओं तीरथ ठाकुर , छबील ठाकुर, सुशील सक्सेना ,बंटी साहू, धीरज खंडेलवाल, प्रशांत शर्मा, अंकित पांडे ,रॉबी ठाकुर , सचिन वर्मा, चंद्रजीत ठाकुर , रिंकू पटेल ,आनंद पटेल, स्वामी पटेल, विक्की ठाकुर,गुरु राज, सूर्या ठाकुर,परसराम ठाकुर ने भी उपस्थितजनों संबोधित कर इस घटना की निंदा की।

## सम्मेद शिखरजी की जय घोष से गूंज उठा रेलवे स्टेशन

**छिंदवाड़ा।** बुधवार के दिन रेलवे स्टेशन का नजारा देखते ही बन रहा था, जहां सैकड़ों की संख्या में जिनवाणी तत्वरसिक गुरुभक्त दिगंबर जैन तारण बंधुओं द्वारा शासन नायक महावीर भगवान की जय, शाश्वत तीर्थराज सम्मेद शिखरजी की जय, श्रीगुरू महाराज की जय घोष लगाई जा रही थी।मंगलमय प्रसंग था सकल जैन समाज की आस्था का प्रतीक तीर्थराज सम्मेद शिखरजी मधुवन झारखंड की पावन यात्रा का जिसमें छिंदवाड़ा सहित पूरे जिले के 5 सौ से अधिक जैन बंधुओं द्वारा छिंदवाड़ा रेलवे स्टेशन से जबलपुर एवं वहां से पारसनाथ तक यात्रा प्रारंभ की।

यात्रा का मुख्य उद्देश्य तीर्थराज में बने सुंदर एवं मनोहारी श्री दिगंबर जैन तारण तरण चैत्यालय के चार दिवसीय वेदी प्रतिष्ठा महोत्सव में सम्मिलित होने का है, जो 30 जनवरी से 2 फरवरी तक चलेगा। जिसमें तारण समाज छिंदवाड़ा सहित पूरे देश से 164 गुरुभक्त भक्त जिनशासन सेवक वेदी सूतन करेंगे तथा सौभाग्यशाली परिवारों द्वारा मनोहारी वेदी पर मां जिनवाणी का अस्थाप, तीन शिखरों से सुशोभित शिखरों पर कलशारोहण कर जिनशासन का ध्वजारोहण करेंगे।

## कलेक्टर ने 52 दिव्यांग बच्चों को बांटे उपकरण



**पांढुर्णा।** आज 28 जनवरी को कलेक्टर नीरज कुमार श्रीवास्तव ने स्थानीय नगरपालिका हॉल में 14 से कम आयु वाले कक्षा 1 से 8 तक के दिव्यांग बच्चों को जीवन सहायक उपकरण बांटें। शासकीय शालाओं में कक्षा 1 से 8 तक तक अध्ययनरत 52 बच्चो को एलिम्को जबलपुर टिम द्वारा पूर्व में मुल्यांकन शिविर लगाकर चिन्हित किया गया था। इन चिन्हित बच्चों को आज आवश्यकता अनुसार इंदिरा मंगल भवन नगरपालिका पांढुर्णा में जनपद शिक्षा केन्द्र और एलिम्को जबलपुर की टिम और कलेक्टर श्री वशिष्ठ जिला पांढुर्णा के हस्ते उक्त उपकरण वितरीत किए गए। दिव्यांग बच्चों को दिए जाने वाले उपकरणों में व्हिल चेयर, वॉकिंग स्टिक, रोलेटर, कैलिपर, टि.एल.एम. किट, ट्रायसिकल और सी.पी.चेयर उपकरण शामिल हैं।इस शिविर में अनुविभागीय अधिकारी अलका एक्का, बी.ई.ओ. एच.बी.हाण्डे, बी. आर.सी. मोरेश्वर ब्रम्हें, एम.आर.सी. सुनील बेनीबागडे, मनीष कोहले एवं समस्त जनशिक्षक उपस्थित थे।

## जंगली सूअरों का आतंक, खेत में घुसकर फसलों की तबाही



**पांढुर्णा।** विकासखंड के ग्राम हिवरासेनाडवार में जंगली जानवरों ने किसानों का जीना दुश्वार कर दिया है। मिली जानकारी के मुताबिक बीती रात करीब 25 से 30 जंगली सुअरों के एक झुंड ने किसान रविन्द्र पिता किसनराव बदे के खेत में घुसकर फसलों को चौपट कर दिया।जंगली सूअरों द्वारा मचाई गई इस तबाही में किसान की एक हेक्टेयर चने की फसल पूरी तरह नष्ट हो गई है। पीड़ित किसान ने तहसील कार्यालय में आवेदन देकर नष्ट फसल का मुआवजा मांगा है। किसान ने बताया कि उसके सामने परिवार के पालन-पोषण की विकट समस्या पैदा हो गई है। किसानों का आरोप है कि वनविभाग सूअरों पर कोई अंकुश नहीं लगा पा रहा है।

## फ्लैगशिप कार्यक्रम के तहत हुई कार्यशाला

**छिंदवाड़ा।** मेरा युवा भारत छिंदवाड़ा ( युवा कार्यक्रम एवम खेल मंत्रालय भारत सरकार )के तत्वावधान में स्थानीय सोनी कम्प्यूटर एज्युकेशन छिंदवाड़ा के सभाकक्ष में सोनी कम्प्यूटर एज्युकेशन के डायरेक्टर मनोज सोनी, श्रीमति सुषमा गवाली जिला युवा अधिकारी मेरा युवा भारत छिंदवाड़ा, सी आर जंघेला कार्यक्रम पर्यवेक्षक मेरा युवा भारत छिंदवाड़ा, श्री श्यामल राव संयोजक कुकडा ग्राम उत्थान समिति , प्रमुख स्त्रोत राजीव श्रीवास्तव , प्रमुख स्त्रोत रोहित वर्मा(प्राचार्य) , प्रमुख स्त्रोत देवेन्द्र उपासनी, अभिषेक राय की उपस्थिति में किया गया । इस अवसर पर जिला युवा अधिकारी श्रीमती सुषमा मुकुंद गवली जिला युवा अधिकारी मेरा युवा भारत छिंदवाड़ा ने केंद्र सरकार की योजनाओं पर विचार व्यक्त करते हुये बताया की कार्यशाला मे उपस्थित छात्र छात्राओ को प्रमुख स्त्रोत के द्वारा स्टेंड अप योजना ,जल जीवन मिशन , डिजिटल इंडिया , एवं केंद्र सरकार की फ्लैग सिप विभिन्न योजनाओं पर अपने व्याख्यान दिये गये जो छात्रो को आत्मनिर्भर बना सकने सहायक हो सकती है । इस अवसर पर मेरा युवा भारत छिंदवाड़ा के कार्यक्रम पर्यवेक्षक श्री सी आर जंघेला ने कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी दी तथा कार्यक्रम की महत्ता पर प्रकाश डाला तथा उपस्थित छात्र छात्राओं ने प्रमुख स्त्रोत के द्वारा बताई गई जानकारी का फीड बेक अलग अलग से प्रस्तुत किया गया ।

### चिमटीपुर में होम-स्टे का किया निरीक्षण

## राज्यपाल ने जनमन आवास योजना की हितग्राही के घर किया भोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

मध्यप्रदेश के राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल अपने छिंदवाड़ा जिले के प्रवास के दौरान जनपद पंचायत तामिया अंतर्गत ग्राम पंचायत भोड़ियापानी पहुंचे। यहां उन्होंने प्रधानमंत्री जनमन आवास योजना की हितग्राही श्रीमती राजवती भारती पति श्री मोहन भारती के आवास पर परिवारजनों के साथ भोजन किया।



भोजन के दौरान राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने पारंपरिक ग्रामीण व्यंजन सरसों का साग एवं मक्के की रोटी का स्वाद लिया। इस अवसर पर हितग्राही परिवार द्वारा बताया गया कि उन्हें शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिल रहा है। परिवार को भारिया पोषण आहार अनुदान योजना, नल-जल योजना के अंतर्गत घर में पेयजल सुविधा तथा उज्ज्वला गैस योजना के माध्यम से एलपीजी गैस कनेक्शन प्राप्त हुआ है, जिससे उनके जीवन स्तर में उल्लेखनीय सुधार हुआ है।

इसके पश्चात राज्यपाल ग्राम चिमटीपुर पहुंचे, जहां उन्होंने हितग्राही श्री रूपलाल पन्द्राम द्वारा संचालित होम-स्टे का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने होम-स्टे के संचालन के संबंध में जानकारी ली। हितग्राही द्वारा बताया गया कि प्रतिमाह लगभग 15 से 20 पर्यटक यहां ठहरने आते हैं, जिससे उन्हें अच्छा लाभ हो रहा है।

इस अवसर पर अमरवाड़ा विधायक श्री कमलेश प्रताप शाह, श्री शेषराव यादव, भारिया विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष श्री दिनेश कुमार अंगारिया सहित अन्य जनप्रतिनिधि, कलेक्टर श्री हरेंद्र नारायन, पुलिस अधीक्षक श्री अजय कुमार पाण्डेय, सीईओ जिला पंचायत श्री अग्रिम कुमार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## सौंसर के 15 वार्डों में शराब की होम डिलीवरी, सो रहा आबकारी विभाग
# पिपला में शराब दुकान के खिलाफ कांग्रेस की हुंकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर

नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित शराब दुकानों को लेकर ग्रामीणों के द्वारा लगातार शिकायतें और विरोध किया जा रहा है बावजूद इसके अधिकारियों के कानों पर जु नहीं रेग रही है। पिपला के मुख्य बस स्टैंड पर संचालित शराब दुकान से त्रस्त नगरवासियों और महिलाओं के सम्मान की रक्षा हेतु बुधवार को नगर कांग्रेस कमेटी पिपला नारायणवार द्वारा एक दिवसीय विशाल धरना प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शनकारियों ने स्पष्ट चेतावनी दी हैआगामी दिनों में उग्र चक्काजाम किया जाएगा। पिपला नारायणवार क्षेत्र का मुख्य केंद्र है,यहाँ से प्रतिदिन स्कूली छात्र-छात्राएं, कंपनियों में काम करने वाली महिलाएं और आम नागरिक गुजरते हैं। बस स्टैंड के समीप ही भवानी माता मंदिर (मठ) स्थित है, जहाँ महिलाएं पूजन-अर्चन के लिए जाती हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि बस स्टैंड पर शराब दुकान होने के कारण दिनभर शराबियों का जमावड़ा लगा रहता है। शराबियों की अभद्र टिप्पणियों के कारण महिलाओं और लड़कियों का यहाँ खड़ा रहना भी दूभर हो गया है।



### बिगड़ती कानून व्यवस्था और असुरक्षा का माहौल

धरना प्रदर्शन के दौरान विधायक विजय चौरे ने कहा कि शराबी दुकान के पीछे शराब पीकर बस स्टैंड पर गाली-गलौज और आए दिन झगड़े करते हैं। इससे नगर का शांत माहौल खराब हो रहा है। स्थानीय व्यापारियों ने भी चोरी और लूटपाट के बढ़ते खतरे पर चिंता व्यक्त की है। नगर वासियों के साथ अन्य वरिष्ठ पदाधिकारियों ने प्रशासन से मांग की कि माताओं-बहनों की सुरक्षा और जनता की गरिमा को ध्यान में रखते हुए इस दुकान को तत्काल यहां से हटाकर अन्य स्थान पर स्थानांतरित किया जाए। धरना प्रदर्शन कार्यक्रम में नगर कांग्रेस कमेटी पीपला नारायणवार अध्यक्ष कैलाश चौधरी,अशोक चौधरी, विजय चौधरी, डॉ. राजेंद्र येमदे, सुनील भांगे, नप अध्यक्ष अरुणा चौधरी, रामशिला सूर्यवंशी, अर्चना वखारे, माला चौधरी, राजू चौधरी, सुनील तिवारी, कैलाश चौधरी, चंद्रशेखर गुर्वे, विट्ठल गायकवाड, प्रशांत महाले, अमरीश जैसवाल, राजा कलसकर, देवेंद्र कोचे, वामन चौधरी, नवल पैठे, विनोद सालबरडे आदि थे।

### प्रशासन की नाक के नीचे 'शराब नगरी' बना सौंसर

सौसर नगर की शांति और सुरक्षा इन दिनों 'अवैध शराब' के नशे में धुत है। सौसर नगर के वार्ड क्रमांक 1 से लेकर भारत माता चौक और सावता चौक तक, ऐसा कोई कोना नहीं बचा है जहाँ मौत का यह सामान न बिक रहा हो। हैरानी की बात यह है कि किराना दुकानों से लेकर गलियों के नुक्कड़ तक अवैध कच्ची और देसी शराब खुलेआम बिक रही है,लेकिन प्रशासन और आबकारी विभाग अपनी आँखों पर पट्टी बांधे बैठा है।सूत्रों से मिली चौंकाने वाली जानकारी के अनुसार, अवैध शराब का यह कारोबार किसी लुका-छिपी का खेल नहीं बल्कि एक संगठित सिंडिकेट बन चुका है। प्रतिदिन मोहगांव मार्ग से एक सफेद बोलेरो गाड़ी नगर के सभी 15 वार्डों में शराब की खेप पहुंचाती है। यह 'दिनदहाड़े सप्लाई' प्रशासन की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवालिया निशान खड़े करती है। क्या खाकी और आबकारी को इन सड़कों पर दौड़ती शराब की गाड़ियाँ नजर नहीं आतीं है।

### बोधिसत्व विकास समिति ने किया पुरस्कारों का वितरण



**सौसर।** बोधिसत्व विकास समिति,सौसर द्वारा आयोजित एवं बुद्ध धम्म प्रचार समिति, सौसर के सौजन्य से आयोजित धम्म ज्ञान प्रतियोगिता' का पुरस्कार वितरण समारोह गिट्टी खदान,भीम टेकड़ी के पावन परिसर में आयोजित किया गया।प्रतियोगिता में उत्कृष्ट ज्ञान का प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को अतिथियों द्वारा पुरस्कृत किया गया। आयोजन के संबंध में जानकारी देते हुए देवेंद्र बागडे ने बताया किसमिति के माध्यम से निरंतर संविधान निर्माता डॉ बाबासाहेब आंबेडकर एवं तथागत भगवान गौतम बुद्ध के द्वारा दिए गए धाम और उनके विचारों का प्रचार प्रसारों इस देश को लेकर कार्य किया जा रहा है। बौद्ध विहारों में ली जा रही धाम ज्ञान प्रतियोगिता भी उसी में शामिल है। प्रतियोगिता के दौरानप्रथम पुरस्कार आरती वासुदेव गोड़े,द्वितीय पुरस्कारः सुनंदा विलास लांडगे तृतीय पुरस्कारः स्निग्धा संजय तेलंग को दिया गया। कार्यक्रम में बोधिसत्व विकास समिति एवं बुद्ध धम्म प्रचार समिति के अध्यक्ष डॉ. वाय.एल. ठवरे, मुरलीधर कामडे गुरुजी, देवेन्द्र बागड़े, सुरेश दुफारे ने अपने विचार साझा करते हुए धम्म के प्रचार-प्रसार और शिक्षा के महत्व पर जोर दिया,पुरस्कार वितरण कार्यक्रम चंद्रकला दुफारे, संजना पाटील, सरिता दुफारे, कंचन नारनवरे, कंचन वासनिक, सुप्रिया बागड़े, दिव्या नारनवरे, विकास नारनवरे, सुनंदा बागड़े, प्रमिला कैलाश दुफारे और संगीता सुनील मेश्राम शामिल उपस्थित थे।

## सौंसर क्षेत्र में आन बान और शान से मना गणतंत्र पर्व, हुआ ध्वजारोहण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर

नगर के साथ में ग्रामीण क्षेत्रों में गणतंत्र पर्व 26 जनवरी गणतंत्र पर्व ध्वजारोहण सलामी एवं विभिन्न कार्यक्रमों के साथ धूमधाम से मनाया गया,इस दौरान शासकीय अर्ध शासकीय कार्यालय,59 पंचायतों ओर स्कूलों में भी स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को नमन और ध्वजारोहण राष्ट्रगीत आदि किया गया। कांग्रेस कार्यालय में विधायक विजय चौरे,नगर पंचायत पीपला में नपा अध्यक्ष श्रीमती अरुणा चौधरी,मोहगाव में नपा अध्यक्ष संदीप घाटोडे, लोधीखेड़ा में नपा अध्यक्ष श्रीमती अर्चना जायसवाल, वन विभाग सौसर में एसडीओ प्रमोद चोपडे, सौसर पुलिस कार्यालय में डी.एस.पी श्रीमती प्रियंका पांडे, सौसर थाना में टी.आई. रूपलाल उईके,ग्राम पंचायत बोरगांव में पंकज दातारकर,ने ध्वजारोहण किया।

77वें गणतंत्र पर्व पर नगर में एनसीसी एवं स्काउट गाइड के छात्र-छात्राओं ने उत्कृष्ट विद्यालय से विशाल परेड निकाल कर नगर भ्रमण किया, गांधी चौक में नपा अध्यक्ष श्रीमती सुरेखा डागा के द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के प्रतिमा पूजन और ध्वजारोहण किया, मुख्य आयोजन उत्कृष्ट विद्यालय प्रांगण में हुआ जहां पर एनसीसी के द्वारा परेड एवं विभिन्न स्कूलों के छात्र-छात्राओं के द्वारा पीटी व्यायाम एवं रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये, मुख्य आयोजन में सौसर जनपद पंचायत अध्यक्ष संजय भुते के द्वारा ध्वजारोहण एवं परेड को सलामी देते हुए मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन किया,इस दौरान मंच पर सौसर नपा अध्यक्ष श्रीमती सुरेखा डागा,सौसर एसडीएम सिद्धार्थ पटेल, जनपद पंचायत सीईओ प्रियंक मिश्रा, सीएमओ मौसम सौसर नपा सौसर उपाध्यक्ष विनोद जूनघरे, सादीपनी प्राचार्य श्रीमती शैलजा बत्रा,पार्षद प्रशांत ठाकरे आदि थे। डॉ बाबासाहेब आंबेडकर नवयुवक मंडल सौसर ने लोकशॉहीर अन्नाभाऊ साठे मंगल भवन परिसर में हजारों छात्र छात्राओं को भोजन वितरण किया।

77 वे गणतंत्र दिवस के अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया था,वरिष्ठ शिक्षक सूर्यकृति काले से मिली जानकारी के अनुसारनिबंध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान दर्शना बंसोड़ शासकीय कन्या उमावि द्वितीय पीयूष वैध, तृतीय यशस्वि मान्मोडे,वादविवाद मे पक्ष से प्रथम मेघा घोरमाडे पर रहे।

## बरारिया में पहुंचा कृषि रथ, किसानों को दी जैविक खाद की जानकारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया

प्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा प्रदेश भर में किसानो को कृषि उन्नति कम लागत में अधिक पैदावार करने के उद्देश्य कृषि रथ के माध्यम से किसानों को कृषि संबंधी सलाह दी जा रही है, इसी कड़ी में बुधवार को कृषि रथ ग्राम पंचायत बरारिया पहुंचा जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीण किसान उपस्थित होकर कृषि अधिकारियों द्वारा बताए गए उन्नत कृषि की सलाह सुनी । बुधवार को कृषि रथ ग्राम पंचायत मायावाडी ग्राम पंचायत सिरगोरी खुर्द भी पहुंचा । इस कार्यक्रम में सरपंच रिंकू डैहरिया ,चित्रा डेहरिया,और ग्रामीण किसान ने उपस्थिति दर्ज कराई ग्राम पंचायत बरारिया में पहुंचे रथ यात्रा का स्वागत किया गया कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की पूजा अर्चना दीपप्रज्वलित कर प्रारंभ किया गया। जैविक खाद का उपयोग कर पर्यावरण को बचाया जा सकेगा-कृषि विभाग बी टी एम अमित बघेल ने किसानों को जानकारी देते हुए कहा कि अधिक मात्रा में रासायनिक खाद का प्रयोग करने से भूमि की उर्वरकता शक्ति में कमी आ रही है ,पर्यावरण को नुकसान हो रहा है, इसलिए हमें जैविक खाद का उपयोग कर कम लागत में अधिक फसल की पैदावार की जा सकेगी।उन्होंने कीटों से फसलों को बचाने की भी उपाय बताएं। ,इस कार्यक्रम में सरपंच मोहन कहार ने कहा कि जिस तरह कृषि अधिकारियों के द्वारा कम लागत में अधिक पैदावार उत्पादन बढ़ाऐ ,जाने की सलाह दी गई है।

### नवीन सांदीपनि भवन में गूँजा माँ शारदे का वंदन

**सौसर।** ज्ञान और कला की अधिष्ठात्री देवी माँ सरस्वती के प्राकट्य उत्सव 'वसंत पंचमी' के शुभ अवसर पर सांदीपनि विद्यालय सौसर के नवीन भवन में भव्य सरस्वती पूजन का आयोजन किया गया। इस आध्यात्मिक आयोजन के साथ ही विद्यालय ने अपने नए परिसर में शैक्षणिक गतिविधियों का विधिवत श्रीगणेश किया। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था प्राचार्य श्रीमती शैलजा बत्रा द्वारा माँ सरस्वती की प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलन और विधिवत पूजन-अर्चन के साथ किया गया।कार्यक्रम में मुख्य रूप से बीईओ सौसर भास्कर गावंडे उपस्थित रहे। उनके साथ शाला उप प्राचार्य संजय गवनेकर, श्रीमती वैशाली कोरडे, प्रदीप जांभोलकर, रविशंकर पाटील ने भी अपनी सहभागिता दर्ज कराई। इस गरिमामयी समारोह में प्राथमिक एवं माध्यमिक विभाग के समस्तशिक्षक-शिक्षिकाएं और कक्षा आठवीं के विद्यार्थी सम्मिलित हुए। मिली जानकारी के अनुसार नवीन भवन में नियमित संचालन विद्यार्थियों और पालकों के लिए हर्ष का विषय है कि मंगलवार से प्री-प्राइमरी से लेकर कक्षा आठवीं तक की (हिंदी एवं अंग्रेजी माध्यम) सभी कक्षाएं अब नवीन सांदीपनि भवन में नियमित रूप से संचालित होना शुरू हो गई हैं। आधुनिक सुविधाओं से युक्त इस नए परिसर को लेकर छात्रों में भारी उत्साह देखा जा रहा है।

## छात्र छात्राओं को 26 सालों से करा रहे भोजन वितरण



**सौसर।** 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर नवयुवक मंडल, सौसर द्वारा एक मिसाल पेश की गई। नगर के अन्नाभाऊ साठे मंगल भवन परिसर में विशाल भोजन वितरण' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आयोजन के दौरान हजारों छात्र-छात्राओं ने भोजन का लाभ लिया, कार्यक्रम का शुभारंभ संविधान निर्माता डॉ बाबासाहेब अंबेडकर के प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ किया गया। भोजन वितरण कार्यक्रम का रिबन काटकर भारतीय बौद्ध महासभा जिला अध्यक्ष डॉ अशोक भगत, बुद्ध धम्म प्रचार समिति अध्यक्ष डॉ वाय,एल,ठवरे, मुरलीधर कामले,पंकज शेंडे, ने शुभारभ किया किया, डॉ बाबासाहेब आंबेडकर नवयुवक मंडल सौसर अध्यक्ष पंकज शेंडे ने बताया मंडल एवं अंबेडकरी युवाओं के द्वारा यह आयोजन निरंतर विगत 26 सालों से किया जा रहा है,सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार 26 वर्ष पूर्व सन 2000 में डॉ बाबा साहेब अंबेडकर विद्यार्थी संगठन सौसर के बैनर तले कुछ अंबेडकरी युवाओं के द्वारा उत्कृष्ट विद्यालय परिसर में भोजन वितरण कार्यक्रम को शुरू किया गया था, जो आज भी निरंतर जारी है,इस दौरान सागर वहाने,मुकेश बागड़ेस्वप्निल गजभिये,गोलू कामले,राकेश सोमकुंवर,प्रशांत सोमकुंवर,सिद्धार्थ सोमकुंवर,सावन पाटिल,शशांक पाटिल, गौतम गजभिये,प्रितम दुफारे,बिट्टू कामले,चंदू सनेसर,मिलिद बंसोड़,आदि उपस्थित थे।

## सेंट्रल इंडिया एकेडमी हायर सेकेंडरी स्कूल लांजी में 77वां गणतंत्र दिवस मनाया गया



हरिभूमि न्यूज लांजी।

सेंट्रल इंडिया एकेडमी हायर सेकेंडरी स्कूल लांजी में 77वां गणतंत्र दिवस बड़े धूमधाम से मनाया गया।विद्यालय के प्राचार्य हेमंत बनकर ने मां सरस्वती और भारत माता की पूजा वंदना की। इसके बाद तिरंगे झंडे की पूजा अर्चना कर वरिष्ठ शिक्षिका श्रीमती संध्या मिश्रा ने ध्वजारोहण किया।विद्यालय में छात्राओं ने राष्ट्रगान और मध्य प्रदेश गान प्रस्तुत किया। छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति गीत और भाषण दिए। प्रभात फेरी निकाली गई, जो सुभाष चौक पहुंची और वहां ध्वजारोहण के बाद राष्ट्रगान हुआ।प्रभात फेरी सालेटेकरी मार्ग से रानी अवंती बाई स्टेडियम पहुंची, जहां रंगारंग सामूहिक नृत्य हुआ। शिक्षक-शिक्षिकाओं ने विचार व्यक्त किए।प्राचार्य हेमंत बनकर ने छात्रों को गणतंत्र दिवस का महत्व बताया। सचिव श्रीमती मीरा बनकर ने आभार व्यक्त किया। अध्यक्ष श्रीमती विभा अनिल तिवारी ने अमर शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित की।

## सोनगुड्डा में अनुभूति कार्यक्रम हुआ आयोजित

हरिभूमि न्यूज उकवा।



म०प्र० ईको पर्यटन विकास बोर्ड एवं दक्षिण उकवा वन परिक्षेत्र सामान्य के तत्वाधान में साहूर नाला सोनगुड्डा में अनुभूती कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यकम मे सर्व प्रथम शासकीय उच्चतर मा. विद्यालय बिठली , शासकीय माध्यमिक शाला लातरी एवं जालदा हर्रानाला के कुल 126 छात्र छात्राओं को वन भ्रमण पथ कराते हुये विभागीय कार्य जैसे भू जल संरक्षण, ट्रेंसिंग , पौधा अंगीकरण, पेडो से परिचय वन सुरक्षा वानीकी, अग्नी सुरक्षा आदी पर विस्तृत जानकारी दि गई. इसके पश्चात समस्त छात्र-छात्राओ मे चित्रकला प्रतियोगिता, तथा प्रश्नोत्तरी पर आधारित परीक्षा का आयोजन किया गया. इसके पश्चात कार्यक्रम मे उपस्थित समस्त अतिथी जनपद सदस्य मनोला बाई उइके, वन सुरक्षा समिति दुल्हापुर, अडोरी, माडी, डाबरी, सुंदरवाही , राशीमेटा, चारघाट, सोनगुड्डा, आदी सभी समिति के अध्यक्ष एवं पदाधिकारी वनपरिक्षेत्र अधिकारी आश्रुतोष सिंह प्रियंका मरकाम पूर्व सरपंच तातुसिंग धुर्वे आदि सभी का स्वागत गणमान्य नागरिक एवं परिक्षेत्र के कर्मियों द्वारा किया गया. इसके पश्चात सभी छात्र-छात्राओ द्वारा वन भ्रमण के दौरान उन्होने क्या क्या देखा इसपर उनके विचार चार पत्रों के माध्यम से प्रस्तूत किए गये. इसके पश्चात शेर का चित्र बनाने हेतु दिया गया।इसके पश्चात ज्ञान चंद शर्मा द्वारा विभीन्न प्राणीयो की आवाज को प्रस्तुत किया गया, सांस्कृतिक कार्यक्रम के आयोजन में माध्यमिक शाला लातरी की छात्राओं द्वारा अनुभूति थीम सांग 2026 हम है धराती के दूत तथा माध्यमिक शाला हर्रानाला की छात्राओं द्वारा सफल नृत्य प्रस्तुत किया गया. जिसकी सभी के द्वारा सराहना की कार्यक्रम में बिठली उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्य एस. एल दशरिये द्वारा कविता एवं पर्यावरण बचाने पर एक दृष्टांत प्रस्तुत किया गया. पूर्व सरपंच तातुसिंह धूर्वे द्वारा वन विभाग पर अपने विचार व्यक्त किए गये।सभी प्रतियोगियों में विजेता पुरस्कार दिये गये अंत मे वन परिक्षेत्र अधिकारी आशुतोष सिंह द्वारा शपथ ग्रहण एवं आभार व्यक्त किया गया।कार्यक्रम में उपस्थित आशुतोष सिंह वन क्षेत्रपाल दक्षिण उकवा दिलीप डोंगरे उपवन क्षेत्रपाल महेश चौरे मनोज चौहान अरविंद मरावी वनपाल कीर्तन सिंह धुर्वे परमानंद उयके मनोज मरकाम राजेश कुमार नेवारे विनय कुमार धुर्वे वनरक्षक अभिषेक कटरे राजेश खरे विजय कुमार सातुनकर मनीष कुमार बिसेन अकील कुरैशी योगेश कुमार धुवारे राम सिंह धुर्वे प्रकाश बोपचे डिलेन्द्र नगपुरे बसंत भीमटे गोविंदा दिग्विजय सिंह चंदेल युवराज भोयर अश्विन सेंडे छबिलाल टेकाम ।

## बालाघाट पुलिस द्वारा लांजी में आज संचालित होगा "एकल सुविधा केन्द्र" के रोजगार मेले का आयोजन



**हरिभूमि न्यूज लांजी।** बालाघाट पुलिस द्वारा नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के युवाओं को मुख्यधारा से जोड़ने और उन्हें स्वरोजगार एवं रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से संचालित "एकल सुविधा केन्द्र" लगातार महत्वपूर्ण उपलब्धियाँ दर्ज कर रहा है।इसी क्रम में लांजी नगर के सालेटेकरी रोड में स्थित अवंती बाई स्टेडियम में आज दिनांक 29 जनवरी को रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। जिसका मुख्य उद्देश्य यह है कि ग्रामीण क्षेत्रों के बेरोजगार युवक युवती को रोजगार मिल सके और "एकल सुविधा केन्द्र" की यह पहल युवाओं को न केवल रोजगार दिलाने का माध्यम है, बल्कि यह सामाजिक परिवर्तन की दिशा में एक ठोस कदम भी है। इस कार्यक्रम के प्रचार हेतु शासकीय अशासकीय स्कूलों के प्राचार्य एवं संचालको एवं क्षेत्र के सभी जनप्रतिनिधियों के द्वारा लांजी के ग्रामीण क्षेत्र के युवक यूतियों को इस कार्यक्रम में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेकर रोजगार की रहा पर चलने के लिए आग्रह किया है।और ज्यादा से ज्यादा युवक युवती इस कार्यक्रम में पहुंचकर लाभ लेने की अपील भी की है।पुलिस प्रशासन का लक्ष्य है कि आने वाले समय में ऐसे रोजगार मेलों का नियमित आयोजन किया जाए ताकि अधिक से अधिक युवाओं को राष्ट्रीय एवं बहुराष्ट्रीय कंपनियों में रोजगार के अवसर प्राप्त हों सकें। साथ ही, प्रशिक्षण के माध्यम से युवाओं में आत्मविश्वास और आत्मनिर्भरता की भावना विकसित की जाए जिससे वे स्थायी आजीविका की दिशा में अग्रसर हों।

## महर्षि विद्या मंदिर बालाघाट में 77वें गणतंत्र दिवस समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** 26 जनवरी 2026 को महर्षि विद्या मंदिर, बालाघाट में 77वें गणतंत्र दिवस समारोह धूमधाम से मनाया गया। इस शुभ अवसर पर विद्यालय परिसर देशभक्ति और गर्व के रंग में सराबोर रहा, जहां शिक्षक, छात्र-छात्राएँ तथा विद्यालय परिवार ने राष्ट्रीय पर्व को यादगार रूप से मनाया।समारोह का आरंभसुबह , विद्यालय के प्रांगण में सहायक निदेशक श्री अमित यदुवंशी, प्राचार्य श्री सतीश कुमार चौरसिया, नीरज तिवारी, वासुदेव भूते, मनोज ज्योतिषी के हस्ते भारत माता, महात्मा गांधी, और बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर के छाया चित्रों पर माल्यार्पण,दीप प्रज्वलन के साथ हुई। सहायक निदेशक श्री अमित यदुवंशी के द्वारा तिरंगा फहराया गया ।ध्वज फहराने के बाद सभी उपस्थित लोगों ने मिलकर राष्ट्रगान गाया और तिरंगे को सम्मानपूर्वक सलाम किया, जिससे समारोह की गरिमा और देशभक्ति की भावना प्रतिबिंबित हुई।इसके पश्चात प्राचार्य सतीश कुमार चौरसिया ने उपस्थित विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों को संबोधित करते हुए ,सभी को 77वें गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ दी। उन्होंने कहा कि26 जनवरी का यह पावन दिन हमें हमारे संविधान की गरिमा, लोकतांत्रिक मूल्यों और राष्ट्र के प्रति हमारे कर्तव्यों की याद दिलाता है।हमारा संविधान हमें समानता, स्वतंत्रता, न्याय और बंधुत्व का मार्ग दिखाता है। यह केवल अधिकारों का दस्तावेज नहीं, बल्कि जिम्मेदार नागरिक बनने की प्रेरणा भी है। आज के युवा ही कल के राष्ट्र निर्माता हैं, इसलिए आप सभी से अपेक्षा है कि अनुशासन, परिश्रम, ईमानदारी और नैतिक मूल्यों को अपने जीवन में आत्मसात करें।शिक्षा का उद्देश्य केवल ज्ञान अर्जन नहीं, बल्कि चरित्र निर्माण और राष्ट्र सेवा भी है। आइए, इस गणतंत्र दिवस पर हम संकल्प लें कि हम एक सशक्त, आत्मनिर्भर और समरस भारत के निर्माण में अपना



पूर्ण योगदान देंगे।इस संबोधन के पश्चात छात्रों द्वारा राष्ट्रभक्ति से ओत-प्रोत गीत, भाषण और सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दी गईं। छात्रों ने संविधान के महत्व, देश की एकता-अखंडता और सेवा की भावना पर प्रेरक भावनाओं के साथ अपनी प्रस्तुतियाँ प्रस्तुत कीं। जिसमें कक्षा पहली के छात्र पारस कुर्वे का भाषण, सातवीं कक्षा के छात्र समर्थ तिवारी का सुमधुर गीत और कुछ समूह गान शामिल रहे। कार्यक्रम का संचालन कक्षा ग्यारहवीं की छात्रा शुभी लिल्हारे और जिज्ञासा विश्वकर्मा ने किया । संपूर्ण कार्यक्रम को संपादित करने में संगीत शिक्षक श्री नीतेश कुमार मिश्रा और श्रीमती अनुपमा गौतम का सराहनीय योगदान रहा।विद्यालय परिसर तिरंगे के रंगों से सजाया गया था और छात्र-छात्राओं ने पारंपरिक तथा राष्ट्रीय प्रतीकों से सजी पोशाकों में भाग लेकर कार्यक्रम को और भी खास बनाया। उत्साह और अनुशासन के साथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया, उपस्थित सभी अतिथियों तथा अभिभावकों ने छात्रों के प्रदर्शन की सराहना की। समारोह के समापन में श्री अमित यदुवंशी ने आभार प्रदर्शन करते हुए कहा कि आज के इस गरिमामय गणतंत्र दिवस समारोह को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी महानुभावों के प्रति मैं हृदय से आभार व्यक्त करता हूं ।मैं सभी अभिभावकों का विशेष धन्यवाद करता हूं जिन्होंने अपनी उपस्थिति से इस कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।मैं विद्यालय के समस्त शिक्षकगण, कार्यक्रम के आयोजकों, प्रतिभागी विद्यार्थियों तथा सहयोगी स्टाफ का भी हार्दिक धन्यवाद करता हूं जिनके अथक प्रयासों से यह समारोह सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।अंत में, उपस्थित सभी दर्शकों का धन्यवाद, जिन्होंने पूरे कार्यक्रम के दौरान अपना सहयोग एवं उत्साह बनाए रखा।

गणतंत्र दिवस की जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
जहरीली एवं मिलावटी शराब का सेवन न करें
जिला आबकारी अधिकारी बालाघाट

गणतंत्र दिवस की जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
मॉयल लिमिटेड उकवा खान
निषाद निकोसे यू.एस.भाटी
खान प्रबंधक उकवा अभिकर्ता एवं संयुक्त महाप्रबंधक
उकवा खान लिमिटेड एवं समस्त स्टाफ उकवा, बालाघाट

गणतंत्र दिवस की जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
दीपमाला मंगोदिया
जिला कार्यक्रम अधिकारी
महिला एवं बाल विकास विभाग बालाघाट

गणतंत्र दिवस की जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
भारतीय खनिज मजदूर संघ, मलाजखंड संविदा मजदूर संघ
हेमंत भगत- अध्यक्ष दंतराज पटले-महासचिव

26 जनवरी गणतंत्र दिवस
की जिले वासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं

राजेश पाठक
सर्व समाज सेवी एवं अध्यक्ष
सर्व ब्राह्मण समाज जिला बालाघाट

## खबर संक्षेप



### एम.एससी. रसायन के छात्र-छात्राओं ने किया बैद्यनाथ फैक्टरी का शैक्षणिक भ्रमण

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** 28/01/2026 को प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस सिवनी के रसायन विभाग में अध्ययनरत एम.एससी. चतुर्थ सेमेस्टर रसायन के छात्र-छात्राओं एवं फैकल्टी मेम्बर्स के 20 सदस्यी दल ने गोपालगंज बम्हनी स्थित बैद्यनाथ आयुर्वेद भवन प्राईवेट लिमिटेड का शैक्षणिक भ्रमण किया, जिसके अंतर्गत श्री निकेत मिश्रा (क्वालिटी एश्योयरेंस सैल में कार्यरत) द्वारा रॉ मटेरियल के भण्डारण, टेस्टिंग, अप्रूवल, मैनूफैक्चरिंग में रॉ मटेरियल को सुखाना, ग्राइडिंग, खाद्य पदार्थ परिरक्षक की मिक्सिंग, कम्प्रेशन द्वारा टेबलेट निर्माण, डिफेक्टिव टेबलेट्स को हटाने की प्रक्रिया, कोटिंग, क्वालिटी एश्योंरेस सैल की भूमिका, टेबलेट्स एवं लिक्विड प्रोडक्टस की पैकेंजिग आदि की विस्तृत जानकारी छात्र-छात्राओं को प्रदान की, इसके अतिरिक्त उन्होने क्रीम एवं कासमेटिक्स के निर्माण से संबंधित उपयोगी जानकारी भी साझा की। भ्रमण के दौरान फैक्टरी के मैनेंजर वैभव तिवारी, श्री निकेत मिश्रा एवं प्रतीक शिन्दे का योगदान काफी सराहनीय रहा।



# नगर के नेहरू मार्ग पर प्रतिदिन लग रहा जाम

**शहर के सबसे व्यस्ततम मार्ग नेहरू रोड पर रोज़ाना जाम की गंभीर स्थिति निर्मित हो रही है। सुबह से शाम तक यह मार्ग वाहनों के अत्यधिक दबाव से जूझता रहता है, जिससे आम नागरिकों, व्यापारियों, स्कूली बच्चों और राहगीरों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

स्थानीय लोगों का कहना है कि नेहरू रोड पर अव्यवस्थित पार्किंग, अतिक्रमण, यातायात व्यवस्था की लापरवाही और प्रशासन की अनदेखी के कारण स्थिति लगातार बिगड़ती जा रही है। जाम के कारण लोगों का समय बर्बाद हो रहा है और बाजार क्षेत्र में अव्यवस्था फैल रही है। सबसे चिंताजनक बात यह है कि यह समस्या कोई नई नहीं है। लगातार शिकायतों और समाचारों के बावजूद प्रशासन द्वारा अब तक कोई ठोस और स्थायी कदम नहीं उठाया गया, जिससे जनता में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। नेहरू रोड शहर की मुख्य जीवनरेखा होने के बावजूद इसे नजरअंदाज किया जा रहा है। स्थानीय नागरिकों और व्यापारियों ने मांग की है कि नेहरू रोड पर अतिक्रमण हटाने, नो-पार्किंग नियमों का सख़्ती से पालन कराने और नियमित ट्रैफिक निगरानी की तत्काल व्यवस्था की जाए, ताकि आम जनता को राहत मिल सके। अब बड़ा सवाल यह है कि प्रशासन इस गंभीर समस्या पर कब ठोस कार्रवाई करेगा, या फिर शहरवासी रोज़ाना जाम की मार झेलने को मजबूर रहेंगे।

# नव देवी मंदिर सहित चार सूने घरों में फिर हुई चोरी की वारदात, एक ही रात में कई जगह के टूटे ताले

## पुलिस ने किया आरोपियों को पकड़ने का दावा

**धूमा थाना अंतर्गत खेर माई मोहल्ला में कलूटा अहिरवार के द्वारा स्वय के द्वारा निर्मित नौ देवी मंदिर में बीती रात चोरों ने दो चैनल गेट एवं एक शटर का ताला तोड़ते हुए घटना को अंजाम दिया**

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

वहीं उनके द्वारा माता को अर्पित की हुई सोने एवम चांदी के छत्र, मंगल सूत्र, त्रिशूल चांदी ग्लास, आचमंनी सहित नगदी लेकर फरार हो गये, उनके द्वारा बताया गया कि मंदिर से लगे हुए सीताराम कुशवाहा के सूने घर का ताला तोड़ा फिर आगे बढ़ते हुए आगे मोहल्ले से सटे हुए छोटेलाल पधान के घर का ताला तोडक़र सोने चांदी की कीमती जेवर के साथ काशी प्रजापति के घर से सोनी एवं चांदी के कीमती जेवर लेकर सुने पन का फायदा उठाते हुए फरार हो गए वही स्थानी लोगों के द्वारा कयास लगाया जा रहा है कि एक ही समय में इन अलग-अलग कर जग में चोरी की वारदात को अंजाम देने के लिए किसी अन्य स्थानीय लोगों के सहयोग की वात कही जा रही हैं कुछ लोगों बाहरलोग गिरोह का हाथ होने की चर्चा जोरों पर है कुछ समय से धूमानगर में चोरी की वारदात एवं आपराधिक प्रवृत्तियां दिन व दिन बढ़ते जा रही है जिस पर किसी भी प्रकार का अंकुश नहीं लग पा रहा है वही धूमा थाना प्रभारी डोमन सिह से इस संबंध में बात की गई तो उनके द्वारा बताया गया कि हम मामले की बारीकी से तफ्तीश कर रहे हैं क्षेत्र में लगे हुए सीसी टी वी कैमरे के माध्यम से



आरोपियों की तलाश कर रहे हैं और जल्द ही आरोपियों तक पहुंच पाएंगे मंदिर प्रबंधन के पुजारी द्वारा बताया गया कि लगभग 2 लाख के सोना एवं चांदी के जेवर एवं नगदी यहां से चोरी हो गए हैं एवं खबर लिखे जाने तक अन्य लोगों से संपर्क किया जाना बाकी है मंदीर सहित अन्य जगह सोने एवम चांदी के लगभग दो लाख की चोरी कर फरार हो गये बही अन्य स्थानीय लोगो के अनुसार मंदीर सहित तीन अन्य सुने घरों के ताले तोडकर चोरी की घटना को अंजाम दिया लगभग 16 वर्ष पहले 2009 जिसमे लगभग 10 साल पहले भी इसी मंदिर चोरी हो चुकी है बताया जाता है कि धूमा मे चोरी की वारदात दिन व दिन बढ़ते जा रही है।

## सुबह की सैर के साथ क्रिकेट के मैचों का आनंद उठा रहे हैं दर्शक

**सिवनी-** पालिटेक्निक कालेज मैदान में खेली जा रही सद्भाव आक्सन प्रीमियर लीग वेटरन वर्ग क्रिकेट प्रतियोगिता में दर्शकों का इजाफा दिनों-दिन बढ़ता जा रहा है सुबह की सैर के साथ खेल का आनंद लेने भारी तादात में पाली मैदान पहुंचे रहे हैं। टीम आनरों की अलग-अलग टीमों के बीच हर दिन दो मैचों की श्रृंखला में वेटरन वर्ग के जबरदस्त मुकाबले देखने को मिल रहे हैं। 28 जनवरी को सुबह 7.30 बजे से खेला गया पहला मैच धनेन्द्र 11 और एवी 11 के मध्य रोमांच भरा रहा। पहले बल्लेबाजी करने मैदान में उतरे धनेन्द्र 11 के खिलाड़ियों ने अपने निर्धारित 10 ओवरों में 3 विकेट खोकर 107 बनाए धनेन्द्र 11 की ओर से खेलते हुए एडवोकेट नीरज तिवारी ने 25 रनों का योगदान दिया वहीं नरेंद्र देशमुख ने 21 गेंदों पर प्रहार करते हुए 5 गगनचुंबी छक्के और 2 चोटें की मदद से 49 रन बनाकर नाबाद रहे इस तरह एवी 11 के समक्ष 108 रनों लक्ष्य रखा गया विरोधी टीम ने भी कमर कसकर बल्लेबाजी करते हुए अपने 4 विकेट गंवाकर 8.3 ओवर में ही लक्ष्य भेदकर 6 विकेट से जीत हासिल कर लिया टीम एवी 11 की ओर से आसिफ खान ने शानदार बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए 18 गेंदों का सामना करते हुए 39 रन बनाकर नाबाद रहे वहीं डॉ नितिन कटरे ने 18 रन, दिनेश नामदेव 13 रन अपनी टीम के लिए जोड़े अगले बल्लेबाज आरिफ अरी ने 11 गेंदों का सामना करते हुए 25 रनों की महत्वपूर्ण पारी खेलकर टीम को विजय श्री दिलाई और इस मैच के मैन ऑफ द मैच बने। आज का दूसरा मैच पटेल 11 और फ्रेंड्स क्लब के मध्य खेला गया जिसमें पहले बल्लेबाजी करते हुए पटेल 11 के कप्तान ओपनर बल्लेबाज इमरान पटेल ने अपने लाजबाव शाट खेलते हुए तूफानी की रफ्तार से 33 गेंदों का सामना कर 79 रनों की पारी खेली जिसमें 7 चौकें और 7 हवाई फायर छक्के शामिल रहे इस पारी में इमरान अंत तक खेलकर नाबाद रहे उनका साथ देते हुए यादव जी ने 28 रन एवं माजिद खान ने 14 रन अपनी टीम के जोडक़र स्कोर 7 विकेट में 136 रन पर लाकर खड़ा कर दिया। 137 रनों के जीत लक्ष्य को हासिल करने मैदान में उतरे फ्रेंड्स क्लब के खिलाड़ी कुछ खास प्रदर्शन नहीं कर पाए और निर्धारित 10 ओवरों मे महज 61 रन बनाकर टीम आल आउट हो गई। इस तरह पटेल 11 ने यह मुकाबला 75 रनों से जीत लिया। आज के दोनों मैचों में निर्णायक की भूमिका में ओम सराठे, ऋषिकांत त्रिवेदी, दिनेश हड़प और सुशील ठाकुर वहीं आन लाइन स्कोरिंग और कामेंट्री का जिम्मा भूपेंद्र ठाकुर, विक्की पांडे, सुनील यादव, विजय चौहान ने निभाया।

## सडक़ हादसे में एक युवक की मौत तीन गंभीर रूप से घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

**गत दिवस 26 जनवरी की देर शाम को पुलिस थाना उगली के अंतर्गत उगली- केवलारी मार्ग पर एक गंभीर सडक़ दुर्घटना में एक युवक की घटना स्थल पर मृत्यु हो गई और तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए थे, प्रत्यक्ष दर्शियों के अनुसार दुर्घटना का कारण म पुलिस थाना उगली जांच में जुटी हुई है, यह दुर्घटना अज्ञात वाहन से हुई है, या दोनों मोटरसाइकिल आपस में टकराई हैं।**

यह जांच का विषय है,पुलिस थाना प्रभारी सदानंद गोदेवार से प्राप्त जानकारी के अनुसार उगली के निकट ग्राम खैरी के पारस बिसेन और सतमी बिसेन दोनों काका भतीजे एक वाहन में सवार थे, दूसरे वाहन में उगली के दो युवक रितेश परते और तुषार राने थे, जिसमें चारों ही युवक गंभीर रूप से घायल हो गए थे,जिन्हें शीघ्र केवलारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया जहां प्राथमिक उपचार के दौरान तुषार राने जाती हल्बा उगली निवासी की मृत्यु होने की पुष्टि डॉक्टर के द्वारा की गई. अन्य घायलों को गंभीर अवस्था में जिला अस्पताल सिवनी रेफर किया गया, जहां देर रात्रि में हालात और बिगडऩे के कारण दो युवक पारस और सतमी बिसेन इन दोनों को नागपुर निजी चिकित्सालय में भर्ती कराया गया, रितेश परते का इलाज सिवनी में किया जा रहा है, वही तुषार राने के शव का अगले दिन सुबह पोस्टमार्टम पश्चात परिजनों को सौंप दिया गया, थाना प्रभारी सदानंद गोदेवर ने बताया कि केवलारी स्वास्थ्य केंद्र में उपचार के दौरान सभी घायलों की जांच पुलिस थाना केवलारी के द्वारा की जा रही है, 26 जनवरी के दिन इस वीभत्स भयंकर सडक़ दुर्घटना में एक युवक की असामयिक मृत्यु होने से समूचे क्षेत्र में शोक की लहर व्याप्त है, नागपुर में उपचारार्थ घायल के परिजनों से संपर्क करने पर पता चला कि पारस बिसेन गंभीर रूप से घायल है, जिनकी चेहरे में गंभीर चोट आईं है और अगले 4 दिन के बाद सर्जरी की जाएगी, लेकिन इस पूरे मामले में थाना प्रभारी उगली का कहना है,कि यदि चालक हेलमेट पहने होते तो दुर्घटना में इतना भयंकर मोड नहीं आता हमारे द्वारा नियमित इस क्षेत्र के लोगों को जागरुक करते हुए दो पहिया वाहनों को हेलमेट लगाने के लिए समझाया भी जाता है, चौपाया वाहनों को सीट बेल्ट लगाने की हिदायत दी जाती है,लेकिन फिर भी सडक़ दुर्घटनाओं से सीख नहीं लेते हैं और आए दिन फराटे भरते हुए तेजी से वाहन दौड़ाते हुए इस क्षेत्र के लोग आसामिक सडक़ दुर्घटना का शिकार होते जा रहे हैं।

### लखनादौन पुलिस द्वारा जुआरियों के विरूद्ध की गई कार्रवाई

**गणेशगंज लखनादौन।** थाना लखनादौन पुलिस द्वारा 7 जुआरियो से 52 ताश पत्तो व 4220 जप्त कर जुआ एक्ट के तहत की गई कार्रवाई।

पुलिस को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई थी कि ग्राम सिहोरा रोड किनारे रोड किनारे कुछ लोग जुआ खेल रहे हैं सूचना पर दबिश देकर नदीम पिता कलीम शाह निवासी सिहोरा, पवन पिता नरेंद्र चौधरी 19 साल सिहोरा, घसीटा पिता गुलाब 26 वर्ष निवासी सिहोरा, मोंटू पिता गोविंद चौधरी 20 साल सिहोरा, ओमकार पिता सूरज 36 साल निवासी सिहोरा, योगेंद्र पिता ताराचंद 26 साल निवासी सिहोरा के कब्जे से 52 ताश पत्ते 4240 रुपए जप्त कर जो एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

कार्रवाई में सहायक उप निरीक्षक महेश ऊईके, प्रधान आरक्षक फकीरचंद, ललता पटले ,आरक्षक ओमप्रकाश धुर्वे, राजकुमार साहू की भूमिका रही।

### छात्रों में आत्महत्या और मानसिक तनाव रोकने जिला राष्ट्रीय टास्क फोर्स इकाई का हुआ गठन

# युवाओं में आत्महत्या और मानसिक अवसाद रोकना हमारा नैतिक कर्तव्य - कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

देश के शैक्षणिक संस्थानों में छात्रों की बढ़ती आत्महत्या की गंभीर स्थिति पर माननीय सर्वोच्च न्यायालय के निर्देश के अनुपालन में मध्यप्रदेश शासन, उच्च शिक्षा विभाग के सभी शासकीय और प्राइवेट कॉलेजों में राष्ट्रीय टास्क फोर्स (हृञ्जस्न) इकाइयों का गठन किया जाना है. इसी अनुक्रम में, जिला कलेक्टर की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस में राष्ट्रीय टास्क फोर्स (एनटीएफ) की जिला इकाई का गठन किया गया.



एनटीएफ की जिला इकाई की बैठक को संबोधित करते हुए जिला कलेक्टर शीतला पटले ने कहा कि जिले के सभी शैक्षणिक संस्थानों में छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य को मजबूत बनाने के लिए ध्यान देना होगा. कलेक्टर ने निर्देशित करते हुए कहा कि सभी कॉलेजों में प्रेरणाप्रद जीवनी, आत्मकथा और प्रेरक साहित्य छात्र-छात्राओं के लिए उपलब्ध कराया जाना चाहिए. सभी संस्थाओं में एनटीएफ इकाइयों के अंतर्गत अभिभावक-शिक्षक संघ स्थापित कर सक्रिय संवाद स्थापित करना होगा. कलेक्टर ने कहा कि क्लब- कल्चर के माध्यम से छात्र-छात्राओं का मानसिक दबाव कम किया जा सकता है. कलेक्टर ने कहा कि संस्थानों में प्रवेश के समय कैंप और शिविर लगाकर छात्र-छात्राओं में मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं का पता लगाया जाना सुनिश्चित किया जाए. बेहतर मानसिक स्वास्थ्य के लिए समय-समय पर कार्यशालाएं आयोजित होनी चाहिए. कलेक्टर ने कहा कि शिक्षा संस्थानों को तंबाकू और नशा मुक्त परिसर बनाने की पहल सुनिश्चित करना होगा. कलेक्टर शीतला पटले ने कहा कि छात्रों में आत्महत्या और मानसिक तनाव को रोकना हमारा नैतिक दायित्व है।

जिला एनटीएफ के सचिव डॉ. रविशंकर नाग ने कहा कि जिला राष्ट्रीय टास्क फोर्स इकाई सभी शैक्षणिक संस्थानों, विद्यार्थियों, अभिभावकों, शिक्षकों और मानसिक स्वास्थ्य विशेषज्ञों से अपेक्षा करती है कि छात्र कल्याण को सशक्त बनाने में सभी अपना सक्रिय सहयोग सुनिश्चित करें।

एनटीएफ की बैठक में जनभागीदारी अध्यक्ष अजय बाबा पांडेय, एडीशनल एसपी दीपक मिश्रा, स्पोर्ट्स ऑफिसर केसी राउर, डॉ.मनोज टेंभरे, प्रो. गनेश मंतारे,प्रो. रंजीता कमलेश, बाल संरक्षण अधिकारी विकास दुबे समेत जिला एनटीएफ इकाई के सभी सदस्य मौजूद रहे।

#### राष्ट्रीय टास्क फोर्स की जिला इकाई में ये रहेंगे सदस्य

प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस के प्राचार्य डॉ. रविशंकर नाग ने बताया कि जिले में छात्रों में आत्महत्या, मानसिक तनाव को रोकने तथा मानसिक स्वास्थ्य की देखभाल के लिए उच्च शिक्षा विभाग के तहत जिले में गठित राष्ट्रीय टास्क फोर्स ) इकाई में, जिला कलेक्टर अध्यक्ष होंगे. जिले के पुलिस अधीक्षक उपाध्यक्ष और प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस के प्राचार्य सचिव के रूप में कार्य करेंगे. जिले के सीएमएचओ डॉ जयपाल सिंह ठाकुर, जिला मनोविज्ञानी डॉ. जयज काकोडिय़ा, एनजीओ प्रतिनिधि के रूप में बद्री प्रसाद सनोडिया, महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी मनोज लारोकर तथा डॉ रामकुमार नायक प्राचार्य प्रतिनिधि के रूप में एनटीएफ के सदस्य होंगे. जिला चिकित्सालय के मनोविशेषज्ञ डॉ उमेश पाठक विशेष आमंत्रित सदस्य होंगे. राहुल पन्द्रे और मीनाक्षी लांजेवर छात्र सदस्य के रूप में शामिल रहेंगे।

जिला एनटीएफ का उद्देश्य छात्रों में आत्महत्या के कारणों का पता लगाना, जिले के सभी सरकारी और प्राइवेट कॉलेजों में मानसिक स्वास्थ्य को मजबूत बनाने के उपाय सुझाना और आत्महत्या की घटनाओं को रोकने के लिए व्यवहारिक नीतियाँ का अनुसरण करना है। रैगिंग, शैक्षणिक दबाव, आर्थिक तनाव और भेदभाव जैसे पहलुओं पर विशेष ध्यान देकर छात्र-छात्राओं की काउंसिलिंग भी की जाएगी.

## मात्रधाम कातलबोडी की पाठशाला मे बालक,बालिकाओं का किया सम्मान

प्र तिशत सिवनी। विगत दो दशक हो चले जनहित में समाज हित में काम करने वाले एवं आठवी, दसवीं,बारहवीं कक्षा में प्रथम, द्वतीय, तृतीय अंक अर्जित करने वाले बालक,बालिकाओं को हमेशा की तरह इस बार भी 26 जनवरी को मात्रधाम कातलबोडी की पाठशाला में डा राजकुमार सनोडिय़ा द्वारा दस्तावेज फ़ाइल,पेन,एवं प्रतीक चिन्ह ससम्मान भेंट करते हुए बालक बालिकाओं के उज्जवल भविष्य की कामना की एवं अपने अभिभाषण में पाठ शाला परिवार की प्रसंशा करते हुए सभी उपस्थित जनों को 77वे गणतंत्र दिवस की बहुत बहुत बधाई एवं शुभकामनाये दी। साथ ही प्रगतिशील बालक बालिकाओं ने शिक्षा के क्षेत्र में अधिक अंक अर्जित किये जिसमें कक्षा 8वी



से खुशी पिता विनोद सनोडिया 86.6त्न, नव्या पिता पोथीराम सनोडिया 85.6 प्र तिशत ,जिया पिता हेमंत सनोडिया 85.6 प्र तिशत , कक्षा 10वी सेअनुराधा पिता छोटेलाल सनोडिया 90.8 प्र तिशत ,अंशिता पिता राजेंद्र जावरे 90.6 प्र तिशत नदिशा पिता संतोष सनोडिया 88.8 प्र तिशत कक्षा बारहवीं से प्रीति पिता तीरथ यादव 87.6 प्र तिशत , तरुण पिता रामकुमार मानेश्वर 78.0 प्र तिशत ,डाली पिता भोजेलाल सनोडिया 77.8 प्र तिशत ने सर्वाधिक अंक प्राप्त करने पर डा. राजकुमार सनोडिय़ा द्वारा दिया गया पुरुषकार प्राप्त किया।

### धूमधाम से मनाया गया 77वां गणतंत्र दिवस समारोह



**सोनखार प्रदीप तिवारी।** विगत दिवस 26जनवरी को ग्राम सरपंच श्रीमती ममता बिसेन द्वारा पंचायत का ध्वाजारोहण किया गया उसके उपरांत माध्यमिक विद्यालय व प्राथमिक विद्यालय के बच्चों के साथ ग्रांम सरपंच सहित अनेक गणमान्य लोगों ने पूरे ग्रांम का भ्रमण किया इसके पश्चात माध्यमिक शाला प्रधान पाठक व प्राथमिक विद्यालय का भी ध्वाजारोहण किया गया उसके बाद अनेकों सांस्कृतिक कार्यक्रम का स्कूल प्रबंधन द्वारा किया गया जिसमें बच्चों ने सभी का मन मोह लिया कार्यक्रम लगभग 2 बजे तक चला फिर कार्यक्रम अध्यक्ष अनुमति से का समापन किया गया उसके बाद बच्चों को माध्यानभोजन वितरित किया गया।

### राष्ट्रीय स्तर में सम्मानित हुई ग्राम पंचायत साजपानी ओर कुडारी

## ग्राम साजपानी खैरमाई मंदिर सभामंच में किया गया भव्य स्वागत सम्मान समारोह

हरिभूमि न्यूज ⏭ धनौरा।

दिनांक 28/01/2026 को ग्राम पंचायत साजपानी ने शासन कि जन कल्याणकारी योजनाओं से देश कि पंचायतों में से जारी रैंकिंग में उत्कृष्ट स्थान पाकर जनपद पंचायत धनौरा जिला सिवनी मध्यप्रदेश कि ग्राम पंचायत साजपानी ओर कुडारी को गणतंत्र दिवस के अवसर पर राजधानी नई दिल्ली के लाल किले से सम्मानित किया गया है। ग्राम पंचायत साजपानी में नवाचार घर पहुंच सेवा, सिकल सेल एनीमिया रोकथाम, हर घर जल व स्वच्छता में वही कुडारी को एक बगिया मां के वृक्षारोपण, महिला सशक्तिकरण के कार्य कर राष्ट्रीय स्तर में पहचान बनाया दिल्ली से वापिस लौटने पर आज खैरमाई मंदिर साजपानी सरपंच महोदया श्रीमति सुदामा शिवराम धुर्वे का भव्य स्वागत माननीय पूर्व विधायक ठाकुर डालसिंह मर्सकोले जी, उपसरपंच श्रीमति पार्वती/ भंगीलाल वरकड़े, पेसा ग्रामसभा अध्यक्ष ठाकुर गुलाबसिंह मर्सकोले जी, ग्राम पटेल ठाकुर अनवर सिंह मर्सकोले जी,श्रीमति नन्ही /वेतन सिंह मर्सकोले वार्ड पंच, रीता/महेंद्र कुशराम , शिवकली/ गनेशा विश्वकर्मा, सरिता/ पंजीलाल



वरकड़े, सतिया/खेमसिंह धुर्वे एवं समस्त पंचगण, इस अवसर पर ओकारसिंह ठाकुर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत धनौरा,भूपेंद्र राजपूत अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी , आनंद उइके पंचायत समन्वय अधिकारी, सनत कुमार जैन पंचायत समन्वय अधिकारी, एडीओ पुर्राम ,सीएमआरसी . साजपानी से श्रीमति प्रीति श्रीवास्तव प्रधान पाठक,रश्मि राय बीएलओ, मरकाम मैडम,आंगनवाड़ी कार्यकर्ता श्रीमति पुष्पा वरकड़े, निरतो पंद्रे, पंचायत सचिव शमशेर खान, रोजगार सहायक मनेंद्रसिंह सिंहोसे, पेसा ग्रामसभा मोबिलाइजर देवसिंह मर्सकोले,पंचायत मेट भानसिंह मर्सकोले, सुखचैन मर्सकोले, संदीप कुमार हिवारे, नलजल चालक पूनम मर्सकोले, पंचायत सहयोगी मुंशीलाल परते श्रीमति चतुरिया बाई वरकड़े, ग्रामवासी हरिलाल मर्सकोले , कुंदनसिंह प्रजापति,छोटेलाल मर्सकोले, हरिसिंह मरावी, एवं समस्त ग्रामवासियों ने पुष्प गुच्छ भेंट तिलक वंदन से किया स्वागत देश भर कि पंचायतों को रैंकिंग के आधार पर माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा गणतंत्र दिवस के अवसर पर सम्मानित किए जाने हेतु चयन किया गया था साजपानी ओर कु डा री ग्राम पंचायत राजधानी दिल्ली के लाल किले में प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र मोदी जी के कर कमलों से सम्मानित किया गया। देश की ग्राम पंचायतों को मिल रहा है सम्मान ग्राम पंचायत साजपानी ने देश भर में शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं में गांव की पहचान बनाई है। मध्यप्रदेश के सिवनी जिले के आदिवासी ब्लाक धनोरा की ग्राम पंचायत साजपानी ओर कुडारी का चयन देश भर की बेस्ट ग्राम पंचायत में किया गया गौरव की बात है बेस्ट ग्राम पंचायतों के सरपंचों को प्रधानमंत्री मोदी के द्वारा गणतंत्र दिवस के अवसर पर लालकिले में सम्मानित किया गया । जनपद पंचायत धनौरा परिवार एवं ग्राम पंचायत साजपानी टीम व समस्त ग्रामवासियों कि बड़ी संख्या में उपस्थिति रही।

## बीबीसी पत्रकार मार्क व्ली का अवसान: पत्रकारों में शोक की लहर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

ब्रिटिश ब्राड कारपोरेशन से संबंध राष्ट्र की राजधानी नई दिल्ली स्थित वर्षो तक ब्यूरोचीफ रहे सर विलियम मार्क व्ली का बीते दिन 90 वर्ष की आयु में असामयिक निधन हो गयाहै जो कि समूचे विश्व की पत्रकारिता जगत के लि अपूरणीय क्षति है जिसकी भरपाई इस युग मे संभव तो नही अपितु न मुमकिन है। उपरोक्त आशय का शोक संदेश जारी करते हुये नगर के वरिष्ठ पत्रकार मप्र श्रमजीवी पत्रकार संघ की जिला निकाय के पूर्व जिला अध्यक्ष एवं नवभारत पत्र समूह के सालो जिला प्रतिनिधि रहे आनंद खरे ने बताया कि कलकत्ता पश्चिम बंगाल में 24 अक्टूबर 1935 में जन्मे मार्कव्ली ने बीती 25 जनवरी 2026 को नई दिल्ली के निजी अस्पताल में अंतिम श्वांस ली, बिटेन की राजधानी लंदन के मूल निवासी परिवार के सदस्य स्व.व्ली ने लगभग 25 वर्षो तक बीबीसी के दिल्ली संवाददाता का पद संभाला और 1994 में सेवानिवृत्त हुये वर्ष 1960 के दशक से बीबीसी हिंदी में आजकल कार्यक्रम एवं आंग्ल भाषा के समथिंग अंडरस्टुड के प्रस्तुतकर्ता रहे श्री व्ली की लिखी प्रसारित खबरे उस जमाने के रेडियों , ट्रासजिस्टर पर तत्कालीन भारतीय समुदाय जन मानस के लिये उत्सुकता, कौतुहल का विषय होती थी उस समय के युवा बुगुर्ज आज भी उन प्रसारणों को याद करती है वस्तुतः पत्रकारिता की बेमिसाल हस्ती रहे स्व. व्ली ने अपनी कर्तव्य परायणता के चलते की हार नहीं मानी, इस वजह से उन्हें साल 1975 में देश छोड़ने के आदेश दे दिये गये थे, और दो वर्षो के लिए भारतवर्ष से निष्कासित कर दिया गया था, आपातकल की त्रासदी स्व. इंदिरा गांधी हत्याकांड आपरेशन ब्ल्यू स्टार, एवं सिख विरोधी दंगे, बाबरी मस्जिद ढहाने के प्रसंगो में उनकी बेबाक कलम चली थी उन्होंने वर्श 1988 में नो फुल स्टॉप आईटीवी इंडिया, 1995 में द हार्ट ऑफ इंडिया साल 2002 में इंडिया इन स्लो टैओशन जैसी बहुचर्चित किताबे लिखी थी, उन्हें वर्ष 2002 में ब्रिटिश सरकार न नाईट टुडे तथा 2005 के साल में भारत शासन ने पदमश्री, पदम भूषण जैसी सम्मान जनक उपाधि मिली थी, किवंदती से विशाल व्यक्ति की धनी उनके परिवार में चार बच्चे है।समूचे संसार में अपनी लेखनी से भारत वर्ष की यथार्थ वादी तस्वीर लिखने प्रसारित करने वाले स्व. मार्क व्ली को पत्रकारिता जगत से विस्तृत नहीं किया जा सकता है ब्रिटिश होने के बावजूद वे सच्चे भारतीय थे, पत्रकार समाज में उन्हें सदैव ही श्रद्धा सम्मान के साथ याद किया जाते रहेगा। और उनका कृतित्व व्यक्तित्व पत्रकारों की युवा पीढ़ी के लिए हमेशा प्रेरणास्प्रद रहेगा।

**// नाम सुधार सूचना//**

मैं मेरा सही नाम अमित जायसवाल पिता श्री कृष्णशंकर जायसवाल है मेरी उम्र-46 वर्ष, मै ग्राम पलारी छिडिय़ा, तह व जिला सिवनी का निवासी हूँ चूंकि मेरा 10 वीं एवं 12 वीं की अंक सूची में मेरा नाम त्रुटि पूर्ण नाम अमित कुमार जायसवाल अंकित है, मेरे आधार कार्ड एवं पेन कार्ड में मेरा सही नाम अमित जायसवाल अंकित है भविष्य में मैं मेरे सही नाम अमित जायसवाल का ही उपयोग करूगा तथा मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जाऊगा।

# दो रेलवे ओवरब्रिज पर एक साथ डलेंगे गर्डर

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट जिले में निर्माणाधीन दो रेलवे ओवरब्रिज (आरओबी) पर रेलवे आज एक साथ गर्डर लॉन्च करेगा। वारासिवनी के वारा और बालाघाट के गर्रा स्थित रेलवे क्रॉसिंग पर देर रात 11 बजे से मेगाब्लॉक के बाद यह कार्य शुरू होगा। इसके चलते बुधवार सुबह से ही इन मार्गों पर आवागमन बंद कर दिया गया है। यातायात पुलिसकर्मी बैरिकेड लगाकर वाहनों को वैकल्पिक रास्तों से भेज रहे हैं।



गर्डर लॉन्च का कार्य रेलवे के गति शक्ति विभाग द्वारा अधिकृत ठेकेदार करेंगे। सेतु संभाग के एसडीओ अर्जुन सिंह सनोडिया ने बताया कि रेलवे पटरी पर गर्डर लॉन्च और ओवरब्रिज का निर्माण किया जाना है। उन्होंने उम्मीद जताई कि दोनों ओवरब्रिज का काम मार्च के अंत तक पूरा हो जाएगा, क्योंकि कार्य अंतिम चरण में है।

वारासिवनी के वारा और गर्रा में इन रेलवे ओवरब्रिज का निर्माण पिछले दो सालों से चल रहा है। इन परियोजनाओं को आधिकारिक तौर पर 26 जून 2025 तक पूरा हो जाना था, लेकिन अब मार्च 2026 तक इनके निर्माण कार्य पूरा होने की बात कही जा रही है। गर्रा रेलवे ओवरब्रिज, जिसकी लंबाई 688 मीटर और चौड़ाई 12 मीटर है, लगभग 21 करोड़ 67 लाख रुपये की लागत से बन रहा है।

# महक पाठा बीट में सम्पन्न हुआ अनुभूति कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

27 जनवरी 2026 को वन परिक्षेत्र अंतर्गत बीट महक पाठा अक्षय क्रमांक 1275 में सफलता पूर्वक अनुभूति कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें मास्टर ट्रेनर ज्ञान चंद्र शर्मा एवं ए.के. चार्ल्स जिला पंचायत सदस्य स्मिता टेकमल ज्ञान सिंह सैय्याम, लासमल कोचर, मोनू असाटी, परिक्षेत्र अधिकारी देवेंद्र रंगारे,सहायक परिक्षेत्र अधिकारी नीतू गोस्वामी, सहायक परिक्षेत्र नगरवाड़ा विजय श्रीवास्तव शरीफ बीट गार्ड लामता टेकाम अबरार हुसैन, बीट गार्ड नगरवाड़ा बेल बाबू, धुर्वे बाबू, अशोक बिसेन एवं समस्त विभाग एवं थाना प्रभारी पटले जी कार्यक्रम में विशेष योगदान रहा कार्यक्रम में शिक्षक एवं बच्चों एवं एवं बाहर से पधारे सम्मानित गणों ने कार्यक्रम के अंत में परिक्षेत्र अधिकारी देवेंद्र रंगारें एवं सहायक वनपाल नीतू गोस्वामी एवं समस्त स्टाफ की कार्यक्रम संपन्न करने पर भूरी भूरी प्रशंसा किया।



### छात्रों को बताई वन विभाग की संरचना

# मैं भी बाघ, हम है बदलाव, हम है धरती के दूत थीम पर अनुभूति कार्यक्रम हुआ आयोजित



हरिभूमि न्यूज उकवा।

लघु वनोपज के परिकल्पना में श्रीमान मुख्य वन संरक्षक वन वृत बालाघाट के निर्देशन तथा रेशमसिंह धुर्वे , प्रबंध संचालक जिला लघु वनोपज संघ बालाघाट एवं वनमंडल अधिकारी उत्तर बालाघाट (सामान्य) एवं तरुण कुमार डेहरिया उपवनमंडलाधिकारी उकवा (सामान्य) उपवनमंडल के मार्गदर्शन में वन परिक्षेत्र उत्तर उकवा (सामान्य) परिक्षेत्र अंतर्गत 28 जनवरी 2026 को अनुभूति कार्यक्रम आमानाला जलाशय में आयोजित किया गया। जिसमें मैं भी बाघ, हम है बदलाव, हम है धरती के दूत थीम पर जानकारियों से शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय उकवा एवं शासकीय माध्यमिक शाला पौंडी एवं समनापुर के कुल 118 स्कूली छात्र-छात्राओं को वन क्षेत्र में ट्रेकिंग सहित वनों के महत्व एवं अन्य जानकारी से अवगत कराया गया।

इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में अशोक मण्डलेकर, जिला अध्यक्ष जिला लघु वनोपज संघ मर्यादित बालाघाट, आशुतोष सिंह वन क्षेत्रपाल परिक्षेत्र अधिकारी दक्षिण उकवा सामान्य, जेम्स बारिक अध्यक्ष सर्व धर्म सेवा समिति उकवा, आकाश शर्मा चौकी प्रभारी उकवा, योगेंद्र गुर्जर उपनिरीक्षक, सुखचंद लिल्हारे, आशाराम लिल्हारे जिला संचालक सदस्य, राजकुमार मड़ावी अध्यक्ष वन सुरक्षा समिति खमरिया, दौलतराम कटरे अध्यक्ष वन सुरक्षा समिति दीनाटोला, सतपाल मडावी, अध्यक्ष ग्राम वन समिति चिखलाझोड़ी, पत्रकार अशोक राउत, ज्ञानगिरी गोस्वामी, आनंद गोदरे, गुड्डू ऊंईके, रितेश सोनी, कुमारी संजना मोनू बरवे, वन सुरक्षा समितियों के अध्यक्ष, सदस्य स्कूल के शिक्षकगण एवं गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही।

विद्यार्थियों को वन भ्रमण के साथ-साथ ट्रेकिंग, पेड़ पौधों की जानकारी, तितलियों, पक्षी जल और थल, गिद्धों, बोल्डर चेकडैम, ब्रसवुड चेकडैम, ट्रांजैक्ट लाइन, वाटर होल, मुनारा, वन्यप्राणियों के पगमार्क एवं विष्ठा आदि से अवगत कराया गया। कार्यक्रम में मास्टर ट्रेनर श्री ए के चार्ल्स के साथप्रेरक संतोष कुमार गौतम, वनपाल, धम्मदीप रोकड़े, वनरक्षक, प्रशांत चौरसिया, सचिन पदमें, राजेंद्र कुमार गणवीर, विनोद कुमार चौरे एवं अन्य वन कर्मचारियो द्वारा विद्यार्थियों को वनों का महत्व एवं वन्यप्राणियों तथा छोटे-छोटे कीट, पतंगों की सुरक्षा कैसे की जाये के संबंध में अनुभूति ब्रोसर अनुसार फील्ड में बताया गया तथा उनके महत्व को समझाया गया। मुख्य अतिथियों, वन मंडल अधिकारी एवं वन परिक्षेत्र अधिकारी कु. प्रियंका मरकाम, वन क्षेत्रपाल द्वारा वन एवं वन्य प्राणियों से संबंधित रोचक तथ्यों से विद्यार्थियों को अवगत कराया और वन एवं वन्य प्राणियों संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी छात्र छात्राओं के साथ साझा की। अनुभूति कार्यक्रम के अंतर्गत अनुभूति ब्रोसर एवं फील्ड विजिट में छात्र-छात्राओं से जो जानकारी साझा की गई उन्ही अवधारणाओं पर आधारित एक प्रश्नोतरी का आयोजन किया गया जिसमें प्रथम , द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले सभी प्रतिभागियों को मंच से ही मुख्य अतिथियो द्वारा पुरस्कृत किया गया। अनुभूति कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 7:30 समस्त छात्राओं के अनुभूति कार्यक्रम स्थल पर एकत्रण के साथ हुई जिसमें सर्वप्रथम उनको स्वल्पाहार परोसा गया एवं तत्पश्चात मास्टर ट्रेनर एवं अनुभूति प्रेरकों की अगुवाई में समस्त छात्र-छात्राओं को प्राकृतिक पथ भ्रमण के माध्यम से वन एवं वन्य प्राणियों से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी से अवगत कराया गया एवं सतत और धारणीय जीवन शैली के प्रति जागरूक किया गया वन और वन्य प्राणियों की सुरक्षा और संवर्धन में जन सहभागिता के विषय पर जागरूक किया गया, प्राकृतिक पथ भ्रमण के पश्चात समस्त अनुभूति भागीदारों को भोजन परोसा गया एवं पर्यावरण हितैषी जीवन शैली अपनाने के लिए कुछ व्यावहारिक उपायों से अवगत कराकर सभी को प्रकृति संरक्षण में मानव की भूमिका से परिचित कराया गया।

# नहर के तेज बहाव में फंसा सांभर, किया रेसक्यू



**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** बालाघाट जिले के लालबर्रा क्षेत्र के खारी गांव में बुधवार दोपहर वैनगंगा नहर में एक व्यस्क सांभर फंस गया। ग्रामीणों की सूचना पर वन विभाग और पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर उसे सुरक्षित बाहर निकाला।

ग्रामीणों ने नहर के तेज बहाव में फंसे सांभर को देखा, जो बाहर निकलने की कोशिश कर रहा था लेकिन सफल नहीं हो पा रहा था। उन्होंने तुरंत इसकी सूचना सरपंच प्रतिनिधि कैलाश नखाते को दी।सरपंच प्रतिनिधि कैलाश नखाते ने तत्काल पुलिस और वन विभाग को सूचित किया। इससे पहले ग्रामीणों ने रस्सी की मदद से सांभर को बाहर निकालने का प्रयास किया। हालांकि, बाहर आते ही सांभर रस्सी से छूटकर फिर से नाले में गिर गया।इसके बाद लालबर्रा पुलिस और वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। ग्रामीणों के साथ मिलकर घंटों की मशक्कत के बाद सांभर को सुरक्षित रूप से नहर से बाहर निकाला गया। परिक्षेत्र अधिकारी सीता भलावी ने बताया कि ग्रामीणों की सूझबूझ और विभाग की सक्रियता से सांभर का सफल रेस्क्यू किया गया। वन्यप्राणी पूरी तरह स्वस्थ है और वर्तमान में उनकी निगरानी में है। जल्द ही इसे घने जंगल में सुरक्षित छोड़ दिया जाएगा।

# सड़क पर मिली महिला की अधजली लाश

### प्रारंभिक जांच में आया सामने महिला ने की आत्म हत्या, क्षेत्र में फैली सनसनी

**हरिभूमि न्यूज कटंगी।** बालाघाट जिले के तिरोड़ी थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम सीतापठोर की एक 55 वर्षीय महिला की अधजली लाश मंगलवार की शाम 08 बजे के आस-पास सड़क पर मिली थी। जिससे पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। कटेधरा से खवासा मुख्य सड़क मार्ग पर महकेपार की ओर जाने वाले रास्ते के नजदीक बने यात्री प्रतीक्षालय के सामने महिला की अधजली लाश राहगीरों के द्वारा देखी गई थी। जिसकी सूचना डायल 112 और संजीवनी 108 को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस और संजीवनी 108 मौका स्थल पर पहुंची। मृतक महिला की शिनाख्त कांताबाई पति चैतलाल नागवंशी उम्र 55 वर्ष के रूप में हुई है। महिला के पति ने बताया कि पत्नी की मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी। हालांकि उसे आग कैसे लगी और वह यहां तक कैसे पहुंची यह उनके लिए भी बड़ा सवाल है। महिला के पति ने बताया वह बकरी चराने गया था और पुत्र ने बताया कि वह काम पर गया था। दोनों ही शाम को वापस घर लौटे तो कांताबाई घर पर नहीं थी। जिसके बाद वह तलाश कर रहे थे। इस बीच सूचना मिली कि एक महिला की अधजली लाश मिली है। इधर, सड़क के किनारे महिला की लाश देखकर डायल 112 में तैनात पुलिस कर्मचारी पूरी तरह से सन्न रह गया। क्योंकि महिला की लाश जहां मिली वहां आगजनी के कोई साक्ष्य नहीं थे। ऐसे में पुलिस कर्मचारी ने अपने वरिष्ठ अधिकारियों को सूचना दी। पुलिस कर्मचारियों ने मौका स्थल के इर्द-गिर्द घटनास्थल की तलाश भी की ताकि यह पता लगाया जा सके की महिला को आग कहां लगी लेकिन अंधेरा होने की वजह से घटनास्थल का पता नहीं लग पाया। रात्रि 8. 50 बजे महिला के शव को सरकारी अस्पताल कटंगी लाया गया। बुधवार को पीएम के बाद शव महिला के परिजनों को सौंप दिया गया है।



**महिला ने खुद को लगाई आग:** बुधवार को इस पूरे मामले में पुलिस की तरफ से जो जानकारी दी गई उसके मुताबिक महिला ने स्वयं को आग लगाकर आत्महत्या की है। जहां महिला की लाश मिली उससे कुछ ही दूरी पर पुलिस ने माचिस, एक बोतल और जला हुआ कचरा देखा है। पुलिस को अनुमान है कि कचरा जलाते वक्त महिला आग की चपेट में आ गई जिससे उसकी मौत हो गई। महिला के परिजनों ने पुलिस को बताया कि वह पहले भी आत्महत्या की कोशिश कर चुकी थी।

### इनका कहना है

प्रारंभिक जांच में आया है कि महिला की आग लगकर मौत हुई है। जहां महिला का शव मिला था उससे कुछ ही दूरी पर माचिस और जला हुआ कचरा बरामद किया गया है। इसे कचरे से महिला को आग लगी है।

**मनोज दहेरिया जांच अधिकारी**

### रेत खदान एम.डी.ओ.मेसर्स वैनगंगा माइनिंग वर्क्स प्रा. लि.भोपाल की पहल

# शास. प्राथमिक शाला मगरदर्रा में बेंच एवं टेबल का वितरण

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



बालाघाट कलेक्टर मृणाल मीना, विधायक मधु भगत, पूर्व मंत्री रामकिशोर कावरे के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में 28 जनवरी को शासकीय प्राथमिक शाला मगरदर्रा में छात्र-छात्राओं के सुविधाओं को देखते हुए समूह रेत खदान एम.डी.ओ.मेसर्स वैनगंगा माइनिंग वर्क्स प्रा. लि.भोपाल द्वारा शासकीय प्राथमिक शाला मगरदर्रा तहसील व जिला बालाघाट में स्कूल के छात्र छात्राओं के लिए बेंच एवं टेबल का वितरण किया गया वही रेत खदान एम.डी.ओ.मेसर्स वैनगंगा माइनिंग वर्क्स प्रा. लि.ने सामाजिक जिम्मेदारी के तहत स्कूल के विद्यार्थियों के लिए आधुनिक टेबल और बेंच भेंट कर स्कूल के छात्र-छात्राएं बेहद खुश हुये । इस पहल का उद्देश्य बच्चों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण प्रदान करना है जिससे सरकारी स्कूलों में शिक्षा की गुणवत्ता और बुनियादी सुविधाओं को सुधारा जा सके प्राथमिक स्कूल मगरदर्रा के बच्चे अब टेबल बेंच पर बैठकर पढ़ाई कर सकेंगे । वितरण कार्यक्रम में ग्राम के गणमान्य नागरिक, स्कूली बच्चे, शिक्षक , मगरदर्रा सरपंच एवं संस्था प्रभारी, माइनिंग कॉरपोरेशन बालाघाट की उपस्थिति सराहनीय रही ।

# पीएम श्री शास. कन्या उच्च.मा.वि.बूढ़ी बालाघाट में कैरियर मेले का आयोजन




**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।**शासन के निर्देशानुसार 27 जनवरी को विद्यालय में कैरियर मेले का आयोजन किया गया।इस अवसर पर कैरियर काउंसलर माधुरी ठाकुर उपस्थित रही। सर्वप्रथम शाला की कैरियर मार्गदर्शन प्रभारी ललिता मर्सकोले ने मेले की रूपरेखा एवं मेले के आयोजन पर प्रकाश डाला इसके साथ ही दसवीं के बाद संचालित विषय की जानकारी प्रदान की गई तत्पश्चात माधुरी ठाकुर ने दसवीं एवं बारहवीं के बाद विषय चयन को महत्वपूर्ण बताते हुए कैसे और क्यों विषय चयन करे इस पर विस्तृत रूप जानकारी दी गई । कार्यक्रम में उपस्थित शाला के प्राचार्य एस .के. तूरकर ने कहा कि सभी विषय महत्वपूर्ण होते है किंतु विषय चयन अपने स्किल एवं रुचि अनुसार हो तो लक्ष्य तक पहुंचने की संभावना बढ़ जाती है। प्रत्येक बच्चे में स्किल होता है ,उसे पहचान कर आगे बढ़ने की आवश्यकता है।श्रीमती अलका धुर्वे,स्वाति मेहरबान,चंद्रकला बिसेन, श्री विनय मिश्रा ने भी अपने विचार रखे।कार्यक्रम को सफल बनाने में श्री अशोक गुप्ता का विशेष सहयोग रहा।

# 1 फरवरी को संत रविदास जयंती एवं दि बुद्धिस्ट सोसायटी की समीक्षा बैठक में शामिल होंगे जिले के पदाधिकारी

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

भोपाल मुख्यालय में दिनांक 1 फरवरी 2026 को प्रातः 10.00 बजे से पंचशील नगर स्थित भैया साहेब यशवंतराव आंबेडकर स्मारक में दि बुद्धिस्ट सोसायटी ऑफ इंडिया मप्र राज्य शाखा की आवश्यक समीक्षा बैठक एवं संत रविदास जी जयंती का आयोजन मप्र राज्य शाखा द.के अध्यक्ष डॉ.चरनदास ढेंगरे जी की अध्यक्षता में,उत्तर के अध्यक्ष आर सी दिवाकर जी के स्वागत अध्यक्षता में,तथा इस बैठक के मुख्य अतिथि संस्था राष्ट्रीय सचिव एवं मप्र राज्य के पालक मंत्री आद.बी.एच. गायकवाड गुरुजी मुम्बई होंगे,सूत्र संचालन द.के महामंत्री एवं SSD के लेफ्टिनेंट कर्नल डॉ.उत्तम प्रधान जी इंदौर एवं आद.सतेंद्र बौद्ध जी ग्वालियर करेंगे,एवं SSD के लेफ्टिनेंट कर्नल एवं प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ.शांताराम वाघ सर इंदौर,सुरेश अंब प्रदेश उपाध्यक्ष ग्वालियर आदि एवं जिला शाखा के प्रमुख पदाधिकारी शामिल



होंगे,सभी पदाधिकारी अपना आर्थिक अहवाल दोनों राज्यों के कोषाध्यक्ष बी सी शहारे जी भोपाल एवं लखन कुमार दैलवार जी अशोक नगर(गुना)के पास अनिवार्य रूप से जमा करेंगे।बैठक



के मुख्य विषय निम्नानुसार है- सदस्यता अभियान,शाखाओं का गठन/पुनर्गठन,धम्म प्रशिक्षण शिविरो के आयोजीत किए गए एवं किए जाने वाले शिविर,धम्म दिक्षा/राज्य स्तरीय बौद्ध महासम्मेलन,संगठन में समाज के बुद्धजीवी वर्ग को शामिल करना,समाज की वर्तमान समस्याएं,आदि विषयों की समीक्षा की जाएगी।बैठक के प्रारंभ में महान संत रविदास जी की जयंती मनाई जाएगी उसके पश्चात बैठक की कार्यवाही प्रारंभ होगी,अतः मप्र उत्तर दक्षिण राज्य एवं जिला शाखा के ओ प्रमुख पदाधिकारी यो से निर्धारित समय पे अपनी प्रगति के साथ अनिवार्य रूप उपस्थिति देना सुनिश्चित करे।

# किसानो का बैंक से प्रति दिन हो रहा भुगतान

### बैंक कर्मचारी भुगतान देने के लिए कर रहे कड़ी मेहनत

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** ज्ञात हो जिले में समस्त सहकारी बैंको से धान उपार्जन का भूगतान प्रांरभ है। जिले में 19 शाखाओं एवं 126 समितियों में धान उपार्जन का भूगतान प्राप्त करने किसान सहकारी बैंको की शाखाओं में पहुंच रहे है। किसानों को उनकी उपज का नगद भूगतान जो कि लाखों रूपये का है जिसे एक साथ भूगतान उपलब्ध करना नामुमकिन है मुख्य शाखा जिला सहकारी केन्द्रिय बैंक की बड़ी शाखा है जो शहर के बिचो- बिच में स्थित है देखा जाय तो शाखा में जगह की कमी के साथ-साथ पार्किंग की भी कमी है जिसके चलते पार्किंग व्यवस्था भी गड़बड़ा जाती है। मुख्य शाखा में नौ समितियां है जिनके कृषक दूर अंचलों से नियमित भूगतान प्राप्त करने पहुंच रहे है। प्रति दिन मुख्य शाखा से कृषकों को नियमित भूगतान करने शाखा प्रबंधक सहित कर्मचारियों द्वारा कड़ी मेहनत की जा रही है। ज्ञात हो 20 जनवरी से मुख्य शाखा प्रबंधक द्वारा किसानों को भूगतान प्राप्त करने में असुविधा ना हो इस लिए दिनवार समितिवार भूगतान प्रारंभ कर दिया गया है। जिसके अनुसार सोमवार को बालाघाट मंगलवार को अमेंड़ा एवं पायली, बुधवार को जरेजा एवं समनापुर, गुरूवार को खुरसोड़ी एवं लिंगा, शुक्रवार को रट्टा एवं नहरवानी निर्धारित किया गया है। इस संबंध में शाखा प्रबंधक मुख्य शाखा आशीष मिश्रा द्वारा किसान खातेदारों से अपिल की गई है कि यदि उनके धान की राशि ज्यादा है तो वे डिजिटल भूगतान एनसीएफटी/ आरटीजीएस/आईएमपीएस के माध्यम से राशि ट्रांसफर कर सकते है। जिससे उन्हे असुविधा का सामना भी नहीं करना पड़ेगा उन्होने यह भी बताया कि सावधी जमा में उनके बैंक की ब्याज दर अन्य बैंक की ब्याज दर से ज्यादा है। इसी लिए खातेदार बैंक से एफडीआर भी बनवा सकते है।

# किरनापुर में गणतंत्र दिवस मनाया, छात्रों ने निकाली प्रभात फेरी

**हरिभूमि न्यूज किरनापुर।** तहसील परिसर में अनुविभागीय अधिकारी (एसडीएम) मायाराम कोल ने तहसीलदार वर्षा झारिया व नायब तहसीलदार बबीता सूर्या की उपस्थिति में तिरंगा फहराया। इस दौरान अधिकारियों, कर्मचारियों और आम नागरिकों ने राष्ट्रगान के साथ संविधान की रक्षा का संकल्प लिया।



पुलिस थाना किनापुर में थाना प्रभारी एसआई माधव शर्मा व जनपदपंचायत में जनपद पंचायत अध्यक्ष राणा कल्याण सिंह और जनपद शिक्षा केंद्र में बीईओ श्री गणेश प्रसाद सोनी व बीआरसी सी एल टेकाम ने किया ध्वजारोहण ।तथा अवंती चौक में सांसद प्रतिनिधि चुमेश लिल्हारे ने ध्वजारोहण किया। ग्राम पंचायत में सरपंच श्रीमती धर्मकला रामटेके व जेपी रामटेके व सभी सदस्यों व ग्रामीणों के साथ ध्वजारोहण किया गया। पुरानी गुजरी चौक गांधी चौक में पूर्व विधायक श्रीमती पुष्पलता लिखी राम कावरे व पूर्व विधायक, विधानसभा उपाध्यक्ष सुश्री हिना कावरे के द्वारा ध्वजारोहण किया गया। व्यापारी कल्याण संघ द्वारा गांधी भवन में ध्वजारोहण किया गया। अंत में बेसिक शाला ग्राउंड में जनपद पंचायत अध्यक्ष राणा कल्याण सिंह ने ध्वजारोहण कर मुख्यमंत्री के अभिवादन पत्र को पढ़कर संबोधित किया। एनसीसी स्काउट एवं गाइड छात्र-छात्राओं द्वारा परेड कर सलामी दी गई। बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम एक से बढ़कर एक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। जिसमें प्रथम शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय किरनापुर ,व दूसरा ब्राइट कैरियर स्कूल,व तीसरा लीगल माउंटेन इंटरनेशनल स्कूल ।अतिथियों के द्वारा बच्चों को शील्ड व पारितोषिक प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि गणतंत्र दिवस केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि अपने कर्तव्यों को याद करने का दिन है। उन्होंने नगर को स्वच्छ, सुंदर और विकसित बनाने के लिए सभी नागरिकों की सक्रिय भागीदारी का आह्वान किया।

ध्वजारोहण के जनपद पंचायत अध्यक्ष राणा कल्याण सिंह ने कहा कि गणतंत्र दिवस हमें संविधान में निहित अधिकारों के साथ-साथ कर्तव्यों की भी याद दिलाता है। उन्होंने जोर दिया कि जब प्रत्येक नागरिक ईमानदारी से अपने दायित्वों का पालन करेगा, तभी देश प्रगति के पथ पर आगे बढ़ेगा। एसडीएम माया राम कोल ने युवाओं से राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने की अपील की।

### ग्राम पंचायत की व्यवस्था को सभी ने सराहा

# गणतंत्र दिवस के अवसर पर स्कूली बच्चों ने अपनी कला से दर्शकों का मन मोह लिया

**हरिभूमि न्यूज उकवा।** जनपद पंचायत परसवाड़ा के अंतर्गत ग्राम पंचायत उकवा नगर में वैसे तो कई वर्षों से सामूहिक रूप से गणतंत्र दिवस का पर्व मनाया जा रहा है,जो हर साल ग्राम पंचायत द्वारा एक साथ एक मैदान में आयोजित किया जाताजिसमें ग्राम पंचायत उकवा की सरपंच श्रीमती रामबती उइके द्वारा सर्वप्रथम महात्मा गांधी एवं डॉ भीमराव अम्बेडकर जी की छायाचित्र में माल्यार्पण कर पुजा अर्चना की गई एवं झंडा फहराया गया तत्पश्चात राष्ट्रगान गाया गया और भारत माता की जय के नारो के साथ स्कूली बच्चों की रैली आगे बड़ी, तथा बस स्टैंड में जनपद सदस्य रीता फुलोंके ने झंडा फहराया व पुरानी चौकी के सामने ग्राम पंचायत उकवा उपसरपंच शिवशंकर तिवारी ने झंडा फहराया तत्पश्चात सुर्या ग्राउंड में भूतपूर्व सरपंच श्रीमती सुमित्रा मेश्राम ने झंडा फहराया जहां हजारों की संख्या में ग्रामीण जन स्कूली छात्र छात्राए एवं अनेक विभाग के लोग सम्मिलित होते है,एवं सामूहिक रूप से ध्वज फहरा कर कार्यक्रम करते है,परन्तु इस वर्ष उकवा ग्राम की नव निर्वाचित सरपंच एवं उपसरपंच के कुशल मार्गदर्शन में इस वर्ष का आयोजन अति भव्य एवं अति आकर्षक रहा ,जिसकी सभी ने जमकर तारीफ की,इस वर्ष नव निर्वाचित सरपंच द्वारा सभी स्कूली छात्र छात्राओं के लिय अलग अलग पंडाल लगा कर उनके बैठने का प्रबंध किया गया गया, साथ ही प्रत्येक ग्रामीणों के लिय चेयर एवं महिलाओं के लिय अलग से प्रबंध किया गया ताकि कोई भी महिला दर्शक खड़े होकर प्रोग्राम न देखे,अतिथियों एवं समस्त गुरुजनों के लिय भी पृथक व्यस्था की गई थी, और हजारों की संख्या में उपस्थित जन समूह के लिय भर पेठ पुलाव का प्रबंध किया गया था,जिसके वितरण के लिए बीस स्वयं सेवी बालाघाट से बुलाए गए थे ,जिन्होंने पूरे पंडाल में घूम घूम कर समस्त दर्शकों एवं अतिथियों को अपनी जगह में पानी बॉटल एवं पुलाव प्रदान किया ,जिसकी सभी ने मुक्त कंठ से सराहना की।

